वर्ष : 34 ➧ अंक :31 ➧ पृष्ठ : 8 ➧ मुंबई, मंगलवार, 8 अप्रैल 2025 ➧ RNI: MAHHIN/49994/91 ➧ मूल्य : 3 रुपए ➧ epaper.dobajedopahar.com ➧ संपादक : अरुण लाल



'लापता लेडीज ने जिंदगी बदल दी'

▸ पेज -7

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

प्रधानमंत्री मोदी ने दिया 'आरोग्यम परमं भाग्यम' का संदेश



▸ पेज - 8

# रसोई में लगी आग..!

- 50 महंगा हुआ LPG गैस सिलेंडर
- उज्ज्वला के लाभार्थियों को भी झटका
- नई कीमतें 8 अप्रैल से लागू, सरकार का ऐलान



**एजेंसी । नई दिल्ली**

महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को तगड़ा झटका लगा है। केंद्रीय तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को बताया कि रसोई गैस या घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। सब्सिडी वाले और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए कीमत में बढ़ोतरी की गई है। नई कीमतें कल मंगलवार, 8 अप्रैल से लागू होंगी। बता दें कि यह घोषणा सरकार के पेट्रोल-डीजल पर 2-2 रुपये एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने के ऐलान के तुरंत बाद की गई है।

### 1 अप्रैल 2025 को घरेलू एलपीजी सिलेंडर की ये थी कीमत

| | |
|---|---|
| **दिल्ली:** | 803 रुपये |
| **लखनऊ:** | 840 .50 रुपये |
| **कोलकाता:** | 829 रुपये |
| **मुंबई:** | 802 .50 रुपये |
| **चेन्नई:** | 818 .50 रुपये |

### अब इतनी होगी कीमतें

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, 'एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी होगी। पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए नई कीमत 500 से बढ़कर 550 हो जाएगी। वहीं, अन्य ग्राहकों के लिए घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी। बता दें कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत, सरकार का लक्ष्य ग्रामीण भारत में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन, विशेष रूप से एलपीजी उपलब्ध कराना है।

### कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम

बता दें कि इसी महीने की पहली तारीख, 1 अप्रैल को कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 41 रुपये की कमी की गई थी। इंडियन ऑयल ने बीते सप्ताह 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम 41 रुपये से लेकर 45 रुपये तक घटाने का ऐलान किया था। इस कटौती के बाद दिल्ली में कॉमर्शियल सिलेंडर 1762 रुपये में मिल रहा, जबकि पहले इसकी कीमत 1803 रुपये थी। इसका असर रेस्तरां, होटल और अन्य कॉमर्शियल प्रतिष्ठानों पर पड़ा, जो दैनिक कार्यों के लिए इन सिलेंडरों का उपयोग करते हैं।

### पेट्रोल-डीजल पर सरकार ने क्या कहा?

सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 2-2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी लेकिन आम ग्राहकों पर इस वृद्धि का असर नहीं पड़ेगा। पेट्रोल-डीजल की नयी कीमतें 08 अप्रैल से लागू होंगीं। इस वृद्धि के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपए प्रति लीटर हो गया है। हरदीप सिंह पुरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कहा, यह एक ऐसा कदम है जिसकी हम आगे चलकर रिव्यू करेंगे। हम हर 2-3 सप्ताह में इसकी रिव्यू करते हैं। इसलिए, पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका बोझ आम ग्राहकों पर नहीं पड़ेगा।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## मानसून से पहले सड़क निर्माण की रफ्तार में तेजी

**मुंबई।** मुंबई में सड़क निर्माण कार्य के चलते यातायात की समस्या लगातार सामने आती रही है। इसी बीच महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में सड़क निर्माण कार्य को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत राज्य सरकार ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को मुंबई के उपनगरीय में 31 मई तक सड़क निर्माण का काम पूरा करने का निर्देश दिया है। मामले में जानकारी देते हुए मंत्री और मुंबई के उपनगरीय जिले के संरक्षक मंत्री आशीष शेलार उन्होने बीएमसी को अगले 15 दिनों में सड़क निर्माण की स्थिति पर एक रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

## सुरक्षाबलों में बढ़ेगी के-9 डॉग स्क्वाड की संख्या

**नई दिल्ली।** सुरक्षाबलों में के-9 डॉग स्क्वाड दस्ते की संख्या बढ़ाई जाएगी। गृह मंत्रालय की संसदीय समिति के एक प्रस्ताव पर यह कवायद हो रही है। के-9 इकाइयां सुरक्षा बलों का अभिन्न अंग हैं। यह विस्फोटकों का पता लगाने, ट्रैकिंग और नक्सल विरोधी अभियानों जैसे क्षेत्रों में सहायता प्रदान करके सुरक्षा बल की क्षमता बढ़ाते हैं। डॉग स्क्वाड को पैदल सेना की गश्त, तोड़फोड़ विरोधी स्निफर ड्यूटी और बम और तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों (आईईडी) का पता लगाने जैसे काम के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

## राज्य में सलोखा योजना 2027 तक रहेगी लागू

**मुंबई।** प्रदेश सरकार ने किसानों को खेती की जमीन पर कब्जे का विवाद आपस में निपटाने के लिए शुरू सलोखा योजना की अवधि दो साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। अब सलोखा योजना अब 1 जनवरी 2027 तक लागू रहेगी। इससे खेत जमीन धारकों के विवाद निपटाने की स्थिति में मुद्रांक शुल्क नाम मात्र एक हजार रुपए और पंजीयन फीस भी एक हजार रुपए वसूला जाएगा। सोमवार को राज्य के राजस्व विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया है। इसके मुताबिक राज्य में 1 जनवरी 2023 से लागू सलोखा योजना की अवधि 2 जनवरी 2025 तक थी।

## राज्य में फ्रैंकिंग के लिए सेवा शुल्क 5 रुपए बढ़ा

**मुंबई।** प्रदेश सरकार ने फ्रैंकिंग मशीन के जरिए दस्तावेज पर मुहर लगाने के लिए सेवा शुल्क की राशि को 10 रुपए से बढ़ाकर 15 रुपए कर दिया है। इससे अब फ्रैंकिंग के लिए प्रति दस्तावेज 5 रुपए अतिरिक्त राशि देनी होगी। सोमवार को राज्य के राजस्व विभाग ने इस बारे में शासनादेश जारी कर दिया है। सरकार ने फ्रैंकिंग के लिए मौजूदा राशि की मर्यादा 5 हजार रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए कर दी गई है।

मालेगांव विस्फोट मामला

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने ट्रायल जज के तबादले पर लगाई रोक

- ट्रायल में देरी की आशंका को देखते हुए कोर्ट का हस्तक्षेप



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश ए.के. लाहोटी के तबादले पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने माना कि हाई-प्रोफाइल और लंबे समय से लंबित इस मामले में न्यायाधीश का स्थानांतरण ट्रायल के समापन में अनावश्यक देरी पैदा कर सकता है।

### 15 अप्रैल तक अंतिम दलीलों का निर्देश

5 अप्रैल को विशेष न्यायाधीश लाहोटी ने अभियोजन और बचाव पक्ष दोनों को 15 अप्रैल तक अपनी अंतिम दलीलें पूरी करने का निर्देश दिया था। इसी दिन बॉम्बे हाई कोर्ट ने 222 न्यायाधीशों के तबादले की सूची जारी की, जिसमें लाहोटी का नाम भी शामिल था।

### पीड़ितों की ओर से तबादले पर आपत्ति

पीड़ितों की ओर से वकीलों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर न्यायाधीश के तबादले पर रोक लगाने और उन्हें निर्णय सुनाने के लिए समय देने की मांग की। उनका तर्क था कि नया न्यायाधीश मामले की जटिल चार्जशीट, गवाहों के बयान और एनआईए द्वारा पेश साक्ष्यों को समझने में काफी समय लेगा, जिससे ट्रायल लंबा खिंच सकता है।

### तबादला आदेश में दी गई थी विशेष छूट

हालांकि तबादला आदेश में यह उल्लेख किया गया है कि ऐसे सभी न्यायिक अधिकारी, जिनके अधीन मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी है, वे फैसला देने तक कार्यभार बनाए रखें। आदेश में स्पष्ट किया गया कि लाहोटी को मामले का निपटारा करने के बाद ही स्थानांतरण करना होगा।

## अवैध लाउडस्पीकर को लेकर राज्य सरकार जल्द जारी करेगी गाइडलाइंस

- गृह विभाग के अधिकारियों के साथ पुलिस आयुक्तों की होगी बैठक



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई समेत अन्य शहरों में मस्जिदों एवं दूसरे धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से लगे लाउडस्पीकर को लेकर राज्य सरकार बहुत जल्द गाइडलाइंस जारी करने वाली है। राज्य के गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में राज्य के सभी पुलिस आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जल्द ही बैठक होने वाली है, जिसमें खास तौर पर मस्जिदों पर लगे अवैध लाउडस्पीकरों को हटाने पर चर्चा होगी। पिछले कई दिनों से भाजपा नेता किरीट सोमैया मस्जिदों पर लगे हुए अवैध लाउडस्पीकरों के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। सोमैया तो यहां तक दावा कर चुके हैं कि पूर्वी मुंबई की 72 मस्जिदों में अवैध रूप से लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल हो रहा है, जिसके खिलाफ उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। हाल ही में हुए विधानमंडल के बजट सत्र में भी मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र की मस्जिदों समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर लगे अवैध लाउडस्पीकरों को हटाने का फरमान सुनाया था।

### क्या होंगी गाइडलाइंस?

अधिकारी के मुताबिक किसी भी धार्मिक स्थल पर लाउडस्पीकर लगाने के लिए नई इजाजत नहीं दी जाएगी। इसके अलावा जिन धार्मिक स्थलों पर पहले से ही लाउडस्पीकर लगे हुए हैं, उन्हें पुलिस की अनुमति दिखानी होगी। अगर संबंधित धार्मिक स्थल के लोग लाउडस्पीकर का बगैर इजाजत लिए इसका इस्तेमाल करते हुए पाए जाते हैं तो न केवल उन पर कड़ी कार्रवाई होगी बल्कि लाउडस्पीकर समेत अन्य सामानों को जब्त कर लिया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक पुलिस स्टेशन में एक पुलिस इंस्पेक्टर को लाउडस्पीकर की जांच करने की इजाजत होगी। इसके अलावा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर पाबंदी होगी। इस बीच लाउडस्पीकर बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## दिव्यांगों को फडणवीस सरकार की सौगात

- रोजगार से लेकर आवास तक बनेगी विशेष नीति
- मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिए दिव्यांगों के लिए समर्पित नीति तैयार करने के निर्देश

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने दिव्यांग नागरिकों के लिए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास के क्षेत्र में एक नई नीति लाने की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कौशल्य विकास और उद्योग विभाग को दिव्यांगों के लिए विशेष रोजगार नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत कौशल्य प्रशिक्षण, नौकरी और स्वयंरोजगार के अधिक अवसर प्रदान किए जाएंगे। राज्य अतिथिगृह सह्याद्री में आयोजित बैठक में उपमुख्यमंत्री अजित पवार, पूर्व राज्य मंत्री बच्चू कडू, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## मुंबई पुलिस हुई हाईटेक

**सीएम फडणवीस ने साइबर लैब, फोरेंसिक वैन और महिला सहायता कक्ष का किया उद्घाटन**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में बढ़ते सायबर अपराध और महिला सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को मुंबई में अत्याधुनिक पुलिस संसाधनों का उद्घाटन किया, जिसमें हाईटेक पुलिस वाहन, मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट, महिला सहायता कक्ष और तीन नई साइबर लैब शामिल हैं।



### घटनास्थल पर ही होगी फॉरेंसिक जांच

नए मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट वाहन से अब अपराध स्थल पर ही प्राथमिक जांच संभव होगी, जिससे मामलों की जांच प्रक्रिया तेज और सटीक होगी। साथ ही, 'मोबाइल विक्टिम स्पॉट यूनिट' पीड़ितों को मौके पर ही सहायता पहुंचाने में सक्षम होगी।

### ट्रैफिक और इमरजेंसी में मददगार होंगे हाईटेक टू-व्हीलर्स

अत्याधुनिक तकनीक से लैस पुलिस बाइक का उपयोग ट्रैफिक नियंत्रण और आपातकालीन स्थितियों में तेजी से रेस्पॉन्स के लिए किया जाएगा।



### फडणवीस बोले – साइबर लैब से मिलेगी अपराध पर लगाम

मुख्यमंत्री ने कहा, ?हमने मुंबई पुलिस के लिए तीन अत्याधुनिक साइबर लैब शुरू की हैं। ये लैब साइबर अपराधों से निपटने के लिए अहम भूमिका निभाएंगी। साथ ही फोरेंसिक और महिला अपराध से जुड़ी विशेष वैन भी तैयार की गई हैं। हर पुलिस स्टेशन में महिला सहायता सेल भी शुरू की गई है। दक्षिण मुंबई साइबर डिवीजन के सीनियर पीआई नंदकुमार गोपाले ने बताया कि कुल सात साइबर लैब में से तीन का उद्घाटन हो चुका है, जबकि बाकी दो पर काम जारी है। ये लैब बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे मामलों में अहम होंगी।

## ब्रांडेड कंपनियों के पैक्ड फूड भी सुरक्षित नहीं

- एक से अधिक बार मिले कीड़े और फफूंदी वाले उत्पाद
- 35 फीसदी मुंबईकरों को एक से अधिक बार मिले कीड़े और फफूंदी वाले उत्पाद

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबईकरों द्वारा घर पर मंगाए जानेवाले ब्रांडेड खाद्य पदार्थ भी सुरक्षित नहीं हैं। इसका खुलासा एक निजी संस्था द्वारा किए गए 'खाद्य संक्रमण सर्वेक्षण 2025' से हुआ है। इस सर्वेक्षण में 35 फीसदी मुंबईकरों ने बताया कि बीते तीन साल में उनके और परिवार के सदस्यों द्वारा मंगाए गए पैक्ड फूड (डिब्बा बंद खाद्य) में एक से अधिक बार कीड़े और फफूंदी मिले हैं। पैक्ड फूड की गुणवत्ता को लेकर निजी संस्था लोकल सर्वे ने मुंबई सहित देशभर में एक ऑनलाइन सर्वे किया है। संस्था के फाउंडर सचिन तपाड़िया ने बताया कि इस सर्वे में देश के 341 जिलों को शामिल किया गया था। इसमें मुंबई से 9,159 लोगों समेत देशभर से 40 हजार लोग शामिल हुए। सर्वे में लोगों से तीन चरणों में सवाल पूछे गए थे। जिसमें पैक्ड फूड की गुणवत्ता से लेकर खाद्य प्राधिकरणों से कंपनियों के ऑडिट आदि से संबंधित सवाल शामिल थे।

### कीड़े मिलने के बाद उस ब्रांड के फूड दोबारा खरीदने से इंकार



सर्वे में 62 फीसदी मुंबईकरों ने कहा कि उनके द्वारा मंगाए गए ब्रांड पैक्ड फूड में कीड़े मिलने के बाद उसी ब्रांड का कोई भी उत्पाद निश्चित रूप से कुछ समय तक नहीं खरीदेंगे। जबकि 27 फीसदी ने कुछ समय के लिए निश्चित रूप से उस ब्रांड का विशेष उत्पाद नहीं खरीदने की बात कही। इसी तरह 10 फीसदी ने उस उत्पाद/ब्रांड की भविष्य में खरीदारी पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ने की बात कही।

### 'एफएसएसएआई, एफडीए करे ऑडिट'

पैक्ड उत्पादों में मिलावट को देखते हुए 91 फीसदी मुंबईकरों ने कहा कि केंद्रीय खाद्य सुरक्षा नियामक (एफएसएसएआई) और राज्य के अन्न व औषधि प्रशासन (एफडीए) को खाद्य पदार्थों के उत्पादकों से लेकर स्टॉकिस्ट, वितरक, खुदरा विक्रेता आदि के ऑडिट में वृद्धि करना चाहिए ताकि लोगों को सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त खाद्य उत्पाद मिल सके। जबकि 5 फीसदी ने इसकी जरूरत नहीं होने की बात कही।

## शरद पवार गुट ने भाजपा को हराया

- सातारा की सहकारी चीनी फैक्ट्री में विपक्ष की बड़ी जीत
- बैलेट पेपर से हुआ था चुनाव

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में रिकॉर्ड जीत दर्ज करने वाली बीजेपी को अब बैलेट पेपर से हुए चुनाव में करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है। सातारा जिले की सह्याद्री सहकारी शक्कर कारखाना के निदेशक मंडल चुनाव में शरद पवार गुट ने सभी 21 सीटें जीतकर बीजेपी को पूरी तरह बाहर कर दिया। इस चुनाव में शरद पवार गुट के नेता और पूर्व मंत्री बालासाहेब पाटिल ने बीजेपी विधायक मनोज घोरपडे को हरा दिया। यही नहीं, बीजेपी जिला अध्यक्ष धैर्यशील कदम और कांग्रेस नेता उदयसिंह पाटिल के पैनल भी बुरी तरह पराजित हुए।



### जिन्होंने विधानसभा में हराया, उन्हें फैक्ट्री में हराया

बालासाहेब पाटिल ने विधानसभा चुनाव 2024 में कराड उत्तर सीट से बीजेपी के मनोज घोरपडे के हाथों हार का सामना किया था। अब उन्होंने सहकारी चुनाव में 7,500 से 8,000 वोटों के बड़े अंतर से घोरपड़े को मात देकर 'राजनीतिक हिसाब' बराबर कर लिया।

### बैलेट बनाम ईवीएम की बहस फिर गर्माई

महाविकास आघाडी (मविआ) लंबे समय से बैलेट पेपर से चुनाव की मांग कर रही है और ईवीएम पर सवाल उठाती रही है। अब इस नतीजे के बाद मविआ के दावे को बल मिला है। शरद पवार गुट की महिला प्रदेश अध्यक्ष रोहिणी खड़से ने कहा, "चार महीने पहले 50,000 वोटों के अंतर से जीतने वाले बीजेपी विधायक को इस चुनाव में विजेता के आधे वोट भी नहीं मिल सके, जबकि उन्होंने चुनाव में बेशुमार पैसा भी खर्च किया।"

## विरार में रामनवमी जुलूस पर अंडे फेंकने से तनाव

**विरार।** विरार में रामनवमी के जुलूस पर अंडे फेंकने की घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, रविवार रात रामनवमी के अवसर पर विरार में एक जुलूस निकाला गया था। जब यह जुलूस एकता पार्क्स विले बिल्डिंग के पास से गुजर रहा था, उसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने तीन अंडे जुलूस पर फेंके। इससे वहां कुछ देर के लिए अशांति फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बोलिंज पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची, स्थिति को संभाला और भीड़ को शांत किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और सोमवार को एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद विरार में पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है और नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की सलाह दी गई है।

## आधे घंटे में पार्किंग से दो बाइक चोरी

भिवंडी। शहर में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, और भिवंडी पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोर अब पार्किंग में खड़ी बाइकें पलक झपकते ही चुरा ले जा रहे हैं। ताजा मामला मानकोली इलाके का है, जहां शुक्रवार देर रात आधे घंटे के भीतर दो मोटरसाइकिलें चोरी हो गईं।

पुलिस के मुताबिक, मानकोली स्थित प्रशांत कॉर्नर के सामने चंद्रभागा अपार्टमेंट के निवासी सुमित विश्वास कदम (19) और मालाराम भुमाराम ने रात 1:20 बजे अपनी-अपनी बाइक — एक होंडा शाइन और एक हीरो स्प्लेंडर — बिल्डिंग की पार्किंग में लगाई थी। लेकिन रात 2 बजे तक दोनों बाइकें गायब हो चुकी थीं। चोरी गई दोनों मोटरसाइकिलों की कुल कीमत करीब 35,000 रुपये आंकी गई है। इस संबंध में सुमित कदम ने रविवार को नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल हवलदार म्हात्रे मामले की जांच कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

## दो महिलाओं ने ससुराल वालों पर दर्ज कराए दहेज उत्पीड़न के मामले

**भिवंडी।** शहर के कासिमपूरा इलाके में दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के दो अलग-अलग मामलों में दो महिलाओं ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। दोनों ही मामलों में महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने, तथा दहेज की मांग और पति के दूसरी महिला से संबंध जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पहली शिकायत 36 वर्षीय शमा मो. फैसल अंसारी ने की है, जो कासिमपूरा स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास रहती हैं। उनके अनुसार, ससुराल वाले लगातार 4 लाख रुपये मायके से लाने का दबाव बना रहे थे।

# अटाकोली डंपिंग प्रोजेक्ट के खिलाफ भिवंडी में बड़ा विरोध प्रदर्शन

### सभी दलों के नेताओं ने किया समर्थन

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

ठाणे महानगरपालिका द्वारा भिवंडी तालुका के अटाकोली गांव में शुरू किए गए डंपिंग ग्राउंड प्रोजेक्ट के खिलाफ स्थानीय जनता का आक्रोश फूट पड़ा। अटाकोली डंपिंग विरोधी संघर्ष समिति के नेतृत्व में भिवंडी में जोरदार आंदोलन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों, महिलाओं और पंचक्रोशी गांवों के सरपंचों ने भाग लिया। 86 एकड़ में फैले इस प्रस्तावित डंपिंग ग्राउंड के खिलाफ आंदोलन को सभी प्रमुख राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों का समर्थन मिला। स्थानीय नेताओं का कहना है कि यह परियोजना सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों और पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन है।

> यह किसी पार्टी का नहीं, बल्कि भूमिपुत्रों का संघर्ष है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार डंपिंग साइट के 1 किमी दायरे में कोई बस्ती नहीं होनी चाहिए, जबकि यहां 12 गांव प्रभावित हो रहे हैं। सरकार ने ग्रामवासियों से पूछे बिना यह निर्णय लिया है।
>
> – कपिल पाटिल

> यह प्रोजेक्ट कोर्ट के नियमों और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति के बिना शुरू किया गया है। इससे 20 गांवों का भविष्य खतरे में है। सभी दलों के नेताओं के एक मंच पर आने से साफ है कि जनता इस परियोजना को स्वीकार नहीं करेगी।
>
> सुरेश म्हात्रे, सांसद

> सरकार ने इस जमीन को ठाणे मनपा को सौंपने से पहले ग्रामवासियों से अनुमति तक नहीं ली। स्थानीय लोगों को मामूली निर्माण के लिए भी ग्रामपंचायत की एनओसी लेनी होती है, तो फिर यह बड़ा प्रोजेक्ट बिना चर्चा कैसे शुरू हो गया?
>
> ज्योति ठाकरे, शिवसेना (उबाठा) की उपनेता

### नेताओं ने जताया विरोध



विरोध प्रदर्शन में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल, सांसद सुरेश म्हात्रे (बाल्या मामा), विधायक किसन कथोरे, विधायक शांताराम मोरे, शिवसेना (उबाठा) की उपनेता ज्योति ठाकरे, कुनबी सेना प्रमुख विश्वनाथ पाटिल, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश पाटिल, मनसे के शैलेश बिड़वी समेत कई अन्य प्रमुख नेता मंच पर उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस डंपिंग प्रोजेक्ट का विरोध किया।

### संघर्ष समिति ने सौंपा विरोध पत्र, पुलिस बल रहा तैनात

प्रदर्शन के दौरान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों – रमेश शेलार, प्रकाश भोईर, संदीप जाधव ने तहसीलदार अभिजीत खोले को विरोध पत्र सौंपा। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए भारी पुलिस बंदोबस्त भी किया गया था।

## बुधवार को ठाणे के कई इलाकों में 12 घंटे बंद रहेगी जल आपूर्ति

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे महानगरपालिका ने जानकारी दी है कि बुधवार, 09 अप्रैल 2025 को सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक शहर के कई हिस्सों में 12 घंटे तक पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। यह निर्णय मानकोली एमबीआर की मुख्य जल पाइपलाइन में लीकेज रोकने और अनाधिकृत कनेक्शनों को हटाने के कार्य के चलते लिया गया है।



### किन इलाकों में नहीं आएगा पानी

इस दौरान घोड़बंदर रोड, लोकमान्य नगर, वर्तक नगर, साकेत, रितु पार्क, जेल, गांधी नगर, रुस्तमजी, सिद्धांचल, इंदिरा नगर, रूपादेवी, श्रीनगर, समता नगर, सिद्धेश्वर, इटरनिटी, जॉनसन, मुंब्रा और कलवा के कुछ हिस्सों में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### क्या है कारण

मनपा की स्वयं जलापूर्ति योजना के तहत पिसे से टेमघर जल शुद्धिकरण केंद्र तक के मुख्य जल चैनल पर मरम्मत और अनधिकृत कनेक्शन हटाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही, स्टेम प्राधिकरण की योजना को भी इस दौरान 12 घंटे के लिए बंद रखा जाएगा।

## केलकर की 'जनसंवाद' पहल को मिला उत्साहपूर्ण प्रतिसाद

### अब तक 151 'विधायक से मिलिए' कार्यक्रम संपन्न

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे के विधायक संजय केलकर की जनसंवाद पहल को नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। नागरिकों की समस्याओं को सुनने और तत्काल समाधान की दिशा में सक्रिय पहल के तहत वे हर सोमवार और शुक्रवार को भाजपा के खोपट कार्यालय में विधायक निरंजन डावखरे के साथ उपस्थित रहते हैं।हाल ही में आयोजित जनसंवाद सत्र में पूर्व नगरसेवक सुनेश जोशी, परिवहन सदस्य विकास पाटिल, भाजपा महासचिव सचिन पाटिल, विलास साठे, दीपक जाधव, महेश कदम, राजेश गाडे सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान नागरिकों से पानी की समस्या, अतिक्रमण, एस.टी. निगम, पुलिस विभाग की शिकायतें, धोखाधड़ी, शिक्षा और स्वच्छता जैसे विषयों पर 50 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। विधायक केलकर ने इनमें से कई समस्याओं का तत्काल अधिकारियों से फोन पर संपर्क कर मौके पर ही समाधान किया। विधायक केलकर ने कहा, ₹मैं केवल शिकायतें लेने तक सीमित नहीं हूं, बल्कि प्रशासन के साथ उचित संवाद कर नागरिकों को न्याय दिलाने का प्रयास करता हूं।₹ उन्होंने जानकारी दी कि अब तक वे 151 'विधायक से मिलिए' कार्यक्रम आयोजित कर 40,000 से अधिक नागरिकों से संवाद कर चुके हैं।



### सीसीटीवी कैमरे से निगरानी व्यवस्था मजबूत

जनसंवाद के दौरान शहर में लगाए जा रहे 3000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के संदर्भ में भी विधायक केलकर ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट पीडब्ल्यूसी के माध्यम से किया जा रहा है। इन कैमरों की मदद से यदि कहीं पेड़ गिरे हों, गड्ढे हों या कचरा जमा हो, तो संबंधित विभाग को तुरंत सूचना दी जा सकेगी।

## एफडीीए छापेमारी लीक होने से बचने के लिए मंत्री नरहरि जिरवाल बनाएंगे निजी फ्लाइंग स्क्वाड

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

राज्य का खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) विभाग पिछले काफी समय से मिलावटी दूध के अलावा अन्य खाद्य पदार्थों पर छापेमारी कर रहा है। राज्य के अन्न एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल ने खुद मोर्चा संभाला हुआ है और वह कई जगहों पर मिलावटी दूध को लेकर छापेमारी कर चुके हैं। एफडीए विभाग के सूत्रों के मुताबिक मिलावटी खाद्य पदार्थों पर छापेमारी करने के लिए जा रही टीमों की जानकारी लीक हो जाती है, जिसकी वजह से दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों के माफिया सतर्क हो जाते हैं और पकड़ में नहीं आते। अब इसी से निपटने के लिए अन्न एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल अपने विभाग के एक निजी फ्लाइंग स्क्वाड बनाने पर काम कर रहे हैं। जिसको लेकर वह जल्द ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करने वाले हैं।

### मंत्री को फ्लाइंग स्क्वाड बनाने की जरूरत क्यों पड़ी?



सूत्रों के मुताबिक कुछ दिनों पहले विभाग को पश्चिमी मुंबई उपनगर के एक क्षेत्र में मिलावटी दूध की जानकारी मिली थी। जैसे ही विभाग के अधिकारी मिली जानकारी के मुताबिक जगह पर पहुंचे तो दूध माफिया के लोग दूध समेत वहां से रफू चक्कर हो गए थे। एफडीए के अधिकारियों ने इसकी जानकारी मंत्री जिरवाल को दी। इसके बाद फैसला हुआ कि विभाग में ही या पुलिस स्टेशन में कुछ ऐसे अधिकारी हैं जो छापेमारी करने से पहले ही माफिया के लोगों को जानकारी उपलब्ध करा देते हैं। इसकी वजह से उन्हें पकड़ा नहीं जाता। इसी से निजात पाने के लिए जिरवाल ने विभागीय स्तर पर एक अपना फ्लाइंग स्क्वाड बनाने का काम शुरू किया है, जिसमें एफडीए के अधिकारियों के अलावा कुछ तेज तर्रार पुलिस अधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा। ताकि छापेमारी के दौरान जानकारी लीक होने से बचा जा सके। मंत्री जिरवाल बहुत जल्द इसको लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करने वाले हैं। इसको लेकर रूपरेखा बनाई जा रही है।

### मंत्री जिरवाल खुद कर चुके हैं कई बार छापेमारी

मंत्री नरहरि जिरवाल ने बीते मंगलवार को देर रात दहिसर इलाके में दूध के टैंकरों को रोककर छापेमारी की थी और उनके सैंपल लिए थे। जिन्हें जांच के लिए भेजा था। जिरवाल ने कहा था कि उन्हें पिछले काफी समय से जानकारी मिल रही थी कि मुंबई से बाहर से आ रहे दूध के टैंकरों में मिलावट का दूध हो सकता है। यही कारण रहा कि उन्होंने दूध की जांच स्वयं करने का फैसला किया। उन्होंने इसकी जानकारी एफडीए के किसी भी अधिकारी को नहीं दी थी। छापेमारी के बाद ही उन्होंने अधिकारियों को मौके पर बुलाया और इकट्ठा किए गए सैम्पलों को जांच के लिए भेजा था।


## पश्चिम रेलवे

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल डिवीजन, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल - मुंबई - 400 008.**

**कार्य - मुंबई डिवीजन में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन।**

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-3 | 22-04-25 14:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट क्रमांक | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-MMCT-PrKiosk-47-24-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ-प्रचार कियोस्क) | चर्चगेट से विरार (29 स्टेशन) तक के स्टेशनों/स्थानों पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी 3 वर्ष की अवधि के लिए | 1096 | 22-04-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ-स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएँ) | माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के माध्यम से 5 वर्ष की अवधि के लिए चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करना। | 1826 | 22-04-25 14:40:00 |

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-3 | 21-04-25 15:00:00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-GMN-OSN-382-1 24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | गोरेगांव (GMN) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-DDR-OSN-375-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | दादर (DDR) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 21-04-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-BYR-OSN-387-24-1(स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | भायंदर में थोक विज्ञापन अधिकार (BYR) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-372-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | मुंबई सेंट्रल लोकल स्टेशन (MMCT) पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 21-04-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-PL-OSN-374-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | लोअर परेल (PL) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-KILE-OSN-383-24-1(स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | कांदिवली (KILE) में रेलिंग पर थोक विज्ञापन अधिकार। 3 वर्ष की अवधि के लिए पटरियों के बीच | 1096 | 21-04-25 16:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-JOS-OSN-380- 24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | जोगेश्वरी (JOS) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 16:30:00 |
| 8 | ADVT-BCT-NIG-OSN-388-24-1(विज्ञापन- स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | नायगांव (NIG) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 16:40:00 |
| 9 | ADVT-BCT-DIC-OSN-385- 24-1(स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | दहिसर (DIC) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 16:50:00 |
| 10 | ADVT-BCT-NSP--390-24-1(स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | नालासोपारा (NSP) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:00:00 |
| 11 | ADVT-BCT-RMAR--381-24-1(स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | राम मंदिर (RMAR) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:10:00 |
| 12 | ADVT-BCT-BSR-OSN-389- 24-1(स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | वसई रोड (BSR) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:20:00 |
| 13 | ADVT-BCT-GTR-OSN-371-24-1(विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | ग्रांट रोड (GTR) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:30:00 |
| 14 | ADVT-BCT-MIRA-OSN-386-24-1(विज्ञापन - स्टेशन परिसर में स्टेशन परिसर (गैर-डिजिटल)) | मीरा रोड (MIRA) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:40:00 |
| 15 | ADVT-BCT-BVI-OSN-384- 24-1(स्टेशन परिसर पर विज्ञापन (गैर-डिजिटल) | बोरीवली (BVI) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:50:00 |

नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल पर जाएँ। लॉट के अनुसार विवरण वहाँ उल्लिखित कैटलॉग के अंतर्गत उपलब्ध हैं। 0015

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly


## रामनवमी जुलूस में दिखी नाथूराम गोडसे की तस्वीर

### कांग्रेस आक्रामक, कल्याण एसीपी से की शिकायत

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

रामनवमी के अवसर पर कल्याण (पूर्व) में निकाले गए जुलूस में नाथूराम गोडसे की तस्वीर प्रदर्शित किए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस ने तीखा विरोध दर्ज कराया है। इस घटना को लेकर कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष कंचन कुलकर्णी ने अपने पदाधिकारियों के साथ सोमवार को एसीपी कल्याणजी घेटे से मुलाकात की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### गोडसे की छवि दिखाना शर्मनाक : कुलकर्णी



कुलकर्णी ने कहा कि रामनवमी जैसे धार्मिक अवसर पर महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की तस्वीर दिखाना शर्मनाक और निंदनीय है। पुलिस को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

### 'राजनीति नहीं, न्याय चाहते हैं'

कुलकर्णी ने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ दल ने पहले औरंगजेब के नाम पर महीनेभर राजनीति की, लेकिन हम राजनीति नहीं करना चाहते। हम चाहते हैं कि जो लोग समाज में नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

### वीडियो के आधार पर जांच की मांग

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस को वायरल वीडियो सौंपते हुए कहा कि इसमें स्पष्ट रूप से गोडसे की तस्वीर दिख रही है, जो समाज में गलत संदेश देता है। उन्होंने धार्मिक आयोजनों को कट्टर विचारधारा का मंच न बनने देने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले पर त्वरित जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## 12 वर्षीय सोहम ने दिखाई ईमानदारी

### झाड़ियों में मिला एक लाख का iPhone लौटाया

**डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली**



डोंबिवली पश्चिम के गुप्ते रोड स्थित जय हिंद कॉलोनी में खेलने के दौरान एक 12 वर्षीय लड़के सोहम नरेश परदेशी को झाड़ियों में करीब 1 लाख रुपये का iPhone मिला। लेकिन सोहम ने बिना किसी लालच के यह फोन अपने पिता के माध्यम से पुलिस को सौंप दिया। घटना के अनुसार, सोहम अपने दोस्त के साथ खेल रहा था, तभी गेंद ढूंढते समय उसकी नजर झाड़ियों में पड़े iPhone पर पड़ी। उसने तुरंत यह बात अपने पिता नरेश परदेशी को बताई, जिन्होंने विष्णुनगर पुलिस स्टेशन जाकर पुलिस निरीक्षक (अपराध) गहीनीनाथ गमे को फोन सौंप दिया।

### पुलिस ने की तारीफ़

पुलिस ने सोहम की ईमानदारी की खुले दिल से सराहना की और कहा कि इस उम्र में इतनी सच्चाई और नैतिकता दिखाना काबिल-ए-तारीफ है। यह उदाहरण समाज के लिए प्रेरणा है कि सच्चाई और ईमानदारी आज भी जिंदा है।


## पश्चिम रेलवे

**कॉइल स्प्रिंग स्क्रैग और डिफ्लेक्शन टेस्टिंग मशीन**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, पश्चिमी रेलवे, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-13, **निविदा सूचना संख्याः WR-PL-MnP-OTR-CSTM-20T दिनांकः 28.03.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम और स्थानः** OTR से Enkay तक "कॉइल स्प्रिंग स्क्रैग और लोड डिफ्लेक्शन टेस्टिंग मशीन" M & P No.109.37.54 Cap.20T बनाना, **अनुमानित लागतः** रु. 6,06,847/-। **EMD:** रु. 12,100/-, **ई-बोली ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि और समयः 21.04.2025, 12:00 बजे तक, ई-निविदाएँ खोलने की तिथिः 21.04.2025 को 12:30 बजे,** बोली प्रपत्र और अन्य विवरण जैसे शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। 0017

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/19/2025 दिनांक 04.04.2025**

| क्र. सं. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | T.O.D. |
|---|---|---|---|
| 174 | 52 किलोग्राम के लिए एल्युमिनो थर्मिक प्रक्रिया द्वारा रेल्स की फ्यूज़न वेल्डिंग के लिए वेल्डिंग भाग | 8000 नग | 08-मई-25 |
| 175 | 60 किलोग्राम के लिए एल्युमिनो थर्मिक प्रक्रिया द्वारा रेल्स की फ्यूज़न वेल्डिंग के लिए वेल्डिंग भाग | 15000 नग | 12-मई-25 |
| 176 | सुधारित स्विच विस्तार जोड़ (80 मिमी गैप) 60 किलोग्राम | 80 सेट | 16-मई-25 |
| 177 | बी.जी. के लिए एलडब्ल्यूआर (80 मिमी अधिकतम गैप के साथ) के लिए सुधारित एसईजे 60 किग्रा | 82 सेट | 19-मई-25 |
| 178 | सुधारित स्विच विस्तार जोड़ (80 मिमी गैप) 52 किग्रा रेल्स | 150 सेट | 22-मई-25 |

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएं 0016

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly


## प्रशासनिक कारणों से ठाणे स्ट्रीट वेंडर्स समिति चुनाव स्थगित

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में स्ट्रीट वेंडर्स (फेरीवाला) समिति के सदस्य पद के लिए प्रस्तावित चुनाव को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह चुनाव 11 अप्रैल (शुक्रवार) को होने वाला था। यह प्रक्रिया स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन) अधिनियम, 2014 और महाराष्ट्र स्ट्रीट वेंडर्स नियम, 2016 के अंतर्गत शुरू की गई थी। इसके तहत पंजीकृत फेरीवालों में से ही प्रतिनिधियों का चयन कर समिति का गठन किया जाना था।हालांकि, मनपा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कुछ प्रशासनिक कारणों के चलते इस चुनावी प्रक्रिया को स्थगित किया गया है।

दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल

# गर्भवती महिला मौत मामले में खुलासा

▶▶ अस्पताल ने अग्रिम भुगतान की मांग कर तोड़े नियम

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई/पुणे**

पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत के मामले में आए दिन नए खुलासे हो रहे है। इस मामले की जांच करने वाले समिति ने अस्पताल पर कई गंभीर आरोप लगाए है। इससे पहले मृतका की परिजनों ने भी अस्पताल पर आरोप लगाए थे। परिजनों के अनुसार अस्पताल प्रशासन ने 10 लाख रुपये लेने का बावजूद महिला को भर्ती नहीं किया और इलाज में देरी के कारण उसकी मौत हो गई थी।




जांच समिति ने अस्पताल पर लगाए आरोप

मामले में जांच के दौरान समिति ने बताया कि धर्मार्थ अस्पतालों को आपातकालीन मामलों में अग्रिम भुगतान मांगने से रोका गया है, लेकिन दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल ने इस नियम का उल्लंघन किया। राज्य स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राधाकिशन पवार की अध्यक्षता वाली इस समिति ने सोमवार को पुणे पुलिस को अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में कहा गया है कि आपातकालीन स्थिति में धर्मार्थ अस्पतालों को मरीज को तुरंत भर्ती करना चाहिए और उसे जरूरी इलाज देना चाहिए, लेकिन अस्पताल ने ऐसा नहीं किया।

### रिपोर्ट में ये बाते आई सामने

साथ ही रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अस्पताल ने यह दावा किया था कि महिला साढ़े पांच घंटे तक अस्पताल में रही, लेकिन वह बिना किसी जानकारी के वहां से चली गई। समिति ने कहा कि अस्पताल ने मरीज को 'गोल्डन ऑवर्स' उपचार देने के नियम का पालन नहीं किया। इस मामले में आगे की कार्रवाई के लिए चैरिटी कमिश्नर से सिफारिश की गई है।

### महाराष्ट्र महिला आयोग ने भी अस्पताल पर लगाया आरोप

वहीं महाराष्ट्र महिला आयोग की प्रमुख रूपाली चाकनकर ने भी इस मामले पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट से यह साफ है कि अस्पताल की गलती थी और उसे मानदंडों का पालन नहीं किया।

चाकनकर ने बताया कि दो और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, एक मातृ मृत्यु जांच रिपोर्ट और दूसरी चैरिटी कमिश्नर की रिपोर्ट। इन रिपोर्टों के बाद ही अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई के बारे में निर्णय लिया जाएगा। इसके साथ ही चाकनकर ने कहा कि मृतक महिला के परिवार ने अस्पताल पर आरोप लगाया है कि उसने मरीज की गोपनीय जानकारी सार्वजनिक कर दी थी, और इसके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# एकनाथ शिंदे पर कटाक्ष के मामले में कुणाल कामरा को हाईकोर्ट से राहत

▶▶ मद्रास हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक 17 अप्रैल तक बढ़ाई

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा को एकनाथ शिंदे पर बिना नाम लिए कटाक्ष करने के मामले में मद्रास हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनकी गिरफ्तारी पर लगी अंतरिम रोक को 17 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दिया है। इससे पहले कोर्ट ने 7 अप्रैल तक कामरा को गिरफ्तारी से सुरक्षा दी थी।

### मुंबई पुलिस ने की थी एफआईआर, तीन और मामले दर्ज



यह मामला मुंबई की खार पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जो शिवसेना विधायक मुरजी पटेल की शिकायत पर दर्ज की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कामरा ने एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। कामरा के खिलाफ महाराष्ट्र में तीन और एफआईआर दर्ज की गई हैं।

### पुलिस के समन के बावजूद पेश नहीं हुए कामरा

पुलिस ने कामरा को 5 अप्रैल को पेश होने का समन भेजा था, लेकिन वह हाज़िर नहीं हुए। यह तीसरी बार था जब वह समन के बावजूद नहीं पहुंचे। इससे पहले, खार पुलिस का एक दल कामरा के माहिम स्थित घर भी पहुंचा था, लेकिन वह वहां नहीं मिले।

### कार्यक्रम में की गई पैरोडी से बढ़ा विवाद

विवाद उस पैरोडी से शुरू हुआ जो कामरा ने खार के एक होटल स्टूडियो में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पेश की थी। इसमें शिंदे गुट के शिवसेना से अलग होने पर व्यंग्य किया गया था। कार्यक्रम के बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने 23 मार्च को स्टूडियो और होटल में तोड़फोड़ भी की थी।

### परिवार को परेशान करने का आरोप, कोर्ट ने दिए निर्देश

कामरा के वकील वी. सुरेश ने हाईकोर्ट में बताया कि मुंबई पुलिस उनके माता-पिता को भी परेशान कर रही है और उनके कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता को संबंधित अदालतों में उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अब मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी। तब तक कुणाल कामरा को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत बनी रहेगी।

# मुंबई में जल संकट गहराया

▶▶ 10 अप्रैल से बंद होंगी वाटर टैंकर सेवाएं

▶▶ नई गाइडलाइनों से टैंकर ऑपरेटरों ने खींचे हाथ



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पहले से ही पानी की कटौती झेल रही मुंबई में अब जल संकट और गंभीर होने जा रहा है। 10 अप्रैल से मुंबई में वाटर टैंकर सेवाएं पूरी तरह बंद होने जा रही हैं। यह फैसला मुंबई वॉटर टैंकर एसोसिएशन ने लिया है। कारण है केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (CGWA) की नई गाइडलाइन, जिसके तहत निजी बोरवेल या कुओं से पानी लेने के लिए एनओसी अनिवार्य कर दी गई है।

### बिना एनओसी नहीं मिलेगी पानी की सप्लाई

बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने टैंकर संचालकों को नोटिस भेजी है कि बोरवेल संचालित करने के लिए CGWA से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य है। इसके बिना पानी की आपूर्ति बंद की जा सकती है। इस फैसले के चलते कई टैंकर ऑपरेटरों ने सेवाएं बंद करने का निर्णय ले लिया है।

### 'टैंकर नहीं होंगे तो सप्लाई कैसे होगी?'

मुंबई वॉटर टैंकर एसोसिएशन के प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने कहा, ‘यह व्यवसाय 70-80 साल पुराना है। महापालिका ने 381A के तहत नोटिस दी है कि बोरवेल हटाएं और पाइपलाइन डिसमेंटल करें। 10 अप्रैल से हम अपनी सेवाएं बंद कर रहे हैं। अगर टैंकर नहीं होंगे, तो पानी की सप्लाई कैसे होगी?

### कई इलाकों में पहले से ही जल संकट

कुलाबा, घाटकोपर, मुलुंड, बोरीवली, कांदिवली, मालाड, गोरेगांव, अंधेरी जैसे इलाकों में पहले ही जल संकट गहराया हुआ है। इन जगहों पर वॉटर टैंकरों के जरिए ही बड़ी मात्रा में पानी पहुंचाया जाता है। सेवा बंद होने से इन इलाकों में लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

### जलाशयों में सिर्फ 33.57% पानी बचा

मुंबई को पानी सप्लाई करने वाले सात जलाशयों में अब केवल 33.57% पानी बचा है, जो जुलाई के अंत तक चलना है। तापमान बढ़ने से पानी की मांग भी तेजी से बढ़ रही है, जिससे स्थिति और बिगड़ रही है।

### BMC ने मांगा आरक्षित पानी इस्तेमाल करने की अनुमति

मुंबई नगर निगम ने राज्य सरकार से ऊर्ध्व वैतरणा और भातसा जलाशयों में जमा आरक्षित पानी के इस्तेमाल की अनुमति मांगी है। लेकिन अगर समय पर मानसून नहीं आया, तो शहर को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामला

# पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी की हिरासत में मौत को मामले को लेकर आज (07 अप्रैल) बॉम्बे उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत के लिए जिम्मेदार पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करे।



### कोर्ट ने एक विशेष जांच दल गठित करने का दिया आदेश

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने पुलिस की अपराध शाखा के संयुक्त आयुक्त को मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल गठित करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा, ‘मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट के अवलोकन के बाद हम इस बात से संतुष्ट हैं कि हिरासत में हुई मौत (शिंदे की) की गहन जांच की आवश्यकता है, क्योंकि उसकी मौत पुलिस द्वारा चलाई गई गोली के कारण हुई थी।



### 'कोर्ट को एसआईटी पर भरोसा है'

पीठ ने कहा, ‘न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसा प्रतीत होना चाहिए कि न्याय हुआ है। हमें उम्मीद है और भरोसा है कि एसआईटी साजिश का पर्दाफाश करेगी। पुलिस अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे कानून के प्रावधानों का पालन करें और यह सुनिश्चित करें कि जांच की जाए और जब प्रथम दृष्टया अपराध का खुलासा हो तो उसे तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाए। अदालत ने पुलिस के अपराध शाखा के संयुक्त आयुक्त को पुलिस उपायुक्त की निगरानी में एक विशेष जांच दल गठित करने और एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। अदालत ने सरकार के वकील अमित देसाई द्वारा मांगे गए अपने आदेश पर स्थगन देने से भी इनकार कर दिया।

### क्या है पूरा मामला?

बता दें कि ठाणे जिले के बदलापुर स्थित एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न के मामले में अक्षय शिंदे को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस हिरासत के दौरान आरोपी शिंदे की 23 सितंबर 2024 को पुलिस द्वारा कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब उसे तलोजा जेल से कल्याण ले जाया जा रहा था। मजिस्ट्रेट की जांच रिपोर्ट में पांच पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया गया था और उन्हें हिरासत में हुई मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि शिंदे के माता-पिता के दावे में दम है कि यह एक फर्जी मुठभेड़ थी।


## मध्य रेल

**सोलापूर मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापूर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदाये आमंत्रित करते है।

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. | बयाना रक्कम | समापन की अवधी | अनुरक्षण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 05-2025-SrDENC | 1-Upgradations of way side stations, service building and quarters in colonies JTRD, KVK, ARAG, DLGN in KWV MRJ section under ADEN/PVR 2-Special Track work in view of annual track inspection in KWV-MRJ section under ADEN/PVR in Solapur division | Rs. 4,57,57,002.07 | Rs. 37,8,800.00 | 06 Months | 12 Months |

| | |
|---|---|
| www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय | 30.04.2025 को 15:00 बजे तक |
| www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय | 30.04.2025 को 15:30 बजे |

**निविदाकारोंसे निवेदन है की कोई बदलाव/शुध्दिपत्र (यदि हो) के लिये वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),
मध्य रेल, सोलापूर

SUN 62 असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है



## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

**(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)**

म्हाडा MHADA

**टेलीफोन नं. - 022-66405250, ई-मेल - eee.east1@gmail.com**

संदर्भ संख्या EE/पूर्व/MSIB/etender/05/2025-26

**ई-निविदा सूचना संख्या 05**

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) प्रभाग, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) कमरा नं. 536, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 फोन नं. (022) 66405251 पंजीकृत ठेकेदारों से बी1 (प्रतिशत दर) के रूप में 17 कार्यों के लिए खुली/नियमित ई-सरकारी, अर्ध सरकारी संगठन से ऑनलाइन ई-टेंडरिंग सिस्टम के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर रहा है। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in से उपलब्ध होंगे और डाउनलोड किए जा सकते हैं, बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज की बिक्री दिनांक 08/04/2025, सुबह 10.30 बजे से शुरू होकर दस्तावेज़ बिक्री की अंतिम तिथि 15/04/2025, शाम 6.15 बजे तक होगी। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/265

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
एम एस आई बी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण


# 'भाजपा को कांग्रेस जैसा नहीं बनने देना चाहिए'

## चंद्रपुर में बीजेपी की अंदरूनी कलह पर शोभा फडणवीस की फटकार

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई/चंद्रपुर**

महाराष्ट्र के चंद्रपुर में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर दो गुटों में हुए अलग-अलग कार्यक्रमों को लेकर पूर्व मंत्री और सीएम देवेंद्र फडणवीस की चाची शोभा फडणवीस ने नाराजगी जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि पार्टी को कांग्रेस जैसी अंदरूनी कलह से दूर रहना चाहिए।



### स्थापना दिवस पर दो अलग कार्यक्रम, नाराज हुईं शोभा ताई

स्थानीय विधायक किशोर जोरगेवार द्वारा आयोजित आधिकारिक समारोह से अलग वरिष्ठ नेता सुधीर मुनगंटीवार द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने पर शोभा फडणवीस ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, ‘लोग भाजपा में आने के लिए कतार में खड़े हैं और अगर हम लड़ते रहेंगे तो क्या लोग यह नहीं कहेंगे कि हम कांग्रेस जैसे हो गए हैं?

### कार्यकर्ताओं को दी अनुशासन और विनम्रता की नसीहत

पूर्व मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं को अनुशासन और एकता का पाठ पढ़ाते हुए कहा, ‘जब देश को बाहरी खतरों से निपटना है, तो हमें आपस की लड़ाइयों में क्यों उलझना चाहिए? नेता झूठे अभिमान में न रहें और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताएं।

### कार्यक्रमों में अलगाव से पार्टी को गलत संदेश

शोभा फडणवीस ने सवाल किया कि एक ही शहर में दो अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने की जरूरत क्यों पड़ी? उन्होंने कहा कि विधायक जोरगेवार को कार्यक्रम आयोजित करने का अधिकार है और अन्य नेताओं को इसमें खुले मन से शामिल होना चाहिए।

### मुनगंटीवार और जोरगेवार के बीच विवाद

गौरतलब है कि मुनगंटीवार और जोरगेवार के बीच तनातनी 2024 विधानसभा चुनावों से जारी है। मुनगंटीवार ने जोरगेवार के भाजपा में शामिल होने का विरोध किया था, बावजूद इसके जोरगेवार पार्टी में आए और चंद्रपुर सीट से विधायक चुने गए।

### 'मैं डूबता सूरज हूं, आप उगते सूरज हैं'

मुनगंटीवार ने एक मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर बावनकुले से कहा था, ‘मैं डूबते सूरज की तरह हूं और आप उगते सूरज हैं।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज संख्या | बोली संख्या 2025_ MCGM_1168069_1 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | एनेक्स बिल्डिंग एमएचओ में सर्वर रूम में बैटरी बैकअप और तीन साल की वारंटी के साथ 3 केवीए यूपीएस के एसआईटीसी का काम। |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | आइटम दर निविदा |
| बोली सुरक्षा जमा / ईएमडी | रु. 14,000.00 |
| जांच शुल्क | रु.3,894/- (रु.3,300.00/- +18% जीएसटी) |
| निविदा जारी करने और बेचने की तिथि | 08.04.2025 को 09.00 बजे |
| निविदा बेचने और बोली सुरक्षा जमा प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय | 19.04.2025 को 16.00 बजे |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी (ऑनलाइन) जमा करना | 19.04.2025 को 16.00 बजे |
| बोली-पूर्व बैठक | लागू नहीं |
| पैकेट ए खोलना | - - |
| पैकेट बी खोलना | 21.04.2025 को 16.00 बजे |
| पैकेट सी खोलना | 24.04.2025 को 13.00 बजे |
| संपर्क के लिए पता | कार्यकारी अभियंता (मुख्यालय) का कार्यालय नगर निगम मुख्यालय, पुरानी बिल्डिंग, ग्राउंड फ्लोर, महापालिका मार्ग, मुंबई 400 001. |
| बोली खोलने का स्थान | कार्यकारी अभियंता (मुख्यालय) के कार्यालय में ऑनलाइन। |

यह निविदा दस्तावेज़ हस्तांतरणीय नहीं है। बीएमसी बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या किसी या सभी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

पीआरओ/67/विज्ञा./2025-26

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (मुख्यालय)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# आपराधिक लापरवाही

जिस देश में करोड़ों लोग कुपोषण व खाद्यान्न की किल्लत से जूझ रहे हों, उसके सिर्फ एक राज्य में ही, चार साल में 8191 मीट्रिक टन अनाज सड़ जाए, इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। हमारा गैर-जिम्मेदार तंत्र व अदूरदर्शी नेतृत्व इसकी जवाबदेही से बच नहीं सकता। ये लापरवाही की अंतहीन श्रृंखला की दुर्भाग्यपूर्ण परिणति है। किसानों के खून-पसीने से उपजी और कर दाता के धन से खरीदी गई लाखों टन उपज का यूं बर्बाद होना बताता है कि हमारे तंत्र में प्रबंधन से जुड़े अधिकारी कितने संवेदनहीन और गैर-जिम्मेदार हैं। चिंता की बात यह है कि पंजाब में साल-दर-साल बर्बाद होने वाले अनाज की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। यानी इस संकट को अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। चिंता की बात यह कि जहां वर्ष 2022-23 में जहां करीब 264 मीट्रिक टन अनाज खराब हुआ था, वहीं वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 29 गुना बढ़ गया बताया जाता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह आंकड़ा बढ़कर 7764 मीट्रिक टन हो गया बताया जाता है। जिस देश में तमाम लोग कुपोषण व भुखमरी का दंश झेलते हों, वहां ये आंकड़े शर्मशार करने वाले ही हैं। एक आकलन के अनुसार इस बर्बाद हुए अनाज से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सोलह लाख लोगों का पेट भरा जा सकता था। बताया जाता है कि खाद्यान्न की बर्बादी के इस आंकड़े का उल्लेख उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की रिपोर्ट में किया गया है। निश्चित रूप से साल-दर-साल बढ़ती अन्न की बर्बादी हमारी लचर भंडारण क्षमता पर सवाल खड़े करती है।हरित क्रांति की सफलता का पंजाब को भरपूर लाभ मिला। किसानों ने भी पूरे मनोयोग से कंधा से कंधा लगाकर सहयोग दिया। तत्कालीन सत्ताधीशों की सजगता व सक्रियता से यह क्रांति परवान चढ़ी। कालांतर में धरती सोना उगलने लगी। देश की खाद्य श्रृंखला को मजबूत बनाने में पंजाब के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन राज्य के सत्ताधीशों ने इस बहुमूल्य खाद्यान्न को सहेजने में दूरदर्शिता नहीं दिखाई। यदि सरकार समय रहते बड़े पैमाने पर अनाज के गोदाम बनाती तो आज ये संकट पैदा नहीं होता। भंडारण संकट के चलते ही किसान भी फसल की कटाई के बाद तुरंत फसल बेचने मंडियों की तरफ दौड़ता है। जिसके चलते बिचौलिए व आढ़ती औने-पौने दाम पर किसानों को फसल बेचने के लिये मजबूर कर देते हैं। जिससे किसान को उसकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल पाता। किसान आज जो कई तरह के संकट उचित दाम न मिल पाने के कारण झेल रहा है, उसके मूल में भी अनाज भंडार व्यवस्था की खामियां भी हैं। बहरहाल, पंजाब में अनाज भंडार का जिम्मा संभालने वाले राज्य तंत्र तथा फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के लापरवाह अधिकारियों की इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है। दरअसल, सख्त कार्रवाई के अभाव में अधिकारी अपने गंभीर दायित्व के प्रति भी उदासीन बने रहते हैं। उन्हें विश्वास रहता है कि छोटी-मोटी कार्रवाई के बाद भी साफ बच जाएंगे। निस्संदेह, अनाज की बर्बादी पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनानी होगी।

शख्सियत | बंकिम चंद्र चटर्जी

## महान क्रांतिकारी उपन्यासकार



**भारत को राष्ट्रीय गीत देने वाले महान रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का आज के दिन यानि की 8 अप्रैल को निधन हुआ था। 19वीं सदी के इस महान क्रांतिकारी उपन्यासकार ने वंदे मातरम की रचना कर देश के युवा में आजादी की क्रांति जगाई थी। देश की आजादी एक लंबे स्वाधीनता आंदोलन की देन है।**

भारत की आजादी में न सिर्फ राजनेताओं व राजा-महाराजाओं का बल्कि कवियों, साहित्यकारों, वकीलों और विद्यार्थियों का भी विशेष योगदान रहा था। ऐसे ही साल 1874 में स्वतंत्रता सेनानी के द्वारा लिखा गया अमर गीत वंदे मातरम भारतीय स्वाधीनता संग्राम का मुख्य उद्घोष बन गया था। बता दें कि वंदे मातरम की रचना करने वाले बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का आज ही के दिन यानी कि 8 अप्रैल को निधन हो गया था। वंदे मातरम देश का राष्ट्रगीत है। देश का यह राष्ट्रीय गीत सिर्फ एक गीत या नारा नहीं था। बल्कि साल 1874 के समय में यह गीत लाखों-करोड़ों युवाओं के दिलों में धड़क रहा था। आप सबने भी स्कूल में इस गीत को गाया होगा। लेकिन इस राष्ट्रीय गीत को लिखे जाने के पीछे की कहानी और इसके रचयिता बंकिम चंद्र के जीवन के संघर्ष को आप उतना करीब से नहीं जानते होंगे। पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के कांठलपाड़ा गांव में 26 जून, 1838 ईस्वी को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म हुआ था। बंकिम चंद्र बंगला भाषा के शीर्षस्थ व ऐतिहासिक उपन्यासकार रहे हैं। सरल भाषा में आप उन्हें भारत का एलेक्जेंडर ड्यूमा भी कह सकते हैं। उन्होंने अपना अपला उपन्यास साल 1865 में 27 साल की उम्र में लिखा था। यह बांग्ला उपन्यास दुर्गेश नंदिनी था। इस उपन्यास को लिखे जाने के बाद बंकिम ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। बंकिम चंद्र चटर्जी ने साल 1874 में वंदे मातरम गीत की रचना की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंग्रेजों ने इंग्लैंड की रानी के सम्मान में गॉड! सेव द क्वीन गीत को हर आयोजन या कार्यक्रम पर गाना अनिवार्य कर दिया था। अंग्रेजों के इस फैसले से बंकिम समेत कई देशवासी दुखी और आहत हुए थे। बता दें कि राष्ट्रीय गीत के मुख्य भाव में भारत भूमि को माता का संबोधन दिया गया है। वहीं साल 1882 में आए उपन्यास आनंदमठ में भी इस राष्ट्रीय गीत को शामिल किया गया था। जिसने देश में राष्ट्रीयता की भावना को जगाने में काफी अहम योगदान दिया था। अपनी रचनाओं से युवा और क्रांतिकारियों के मन में आजादी की अलख जगाने वाले महान रचनाकार का 56 साल की आयु में 8 अप्रैल 1894 को निधन हो गया था। 19वीं सदी के इस महान क्रांतिकारी उपन्यासकार ने सदा के लिए अपनी आखें बंद कर ली थीं।

### प्रमुख रचनाएं

प्रथम अंग्रेजी में प्रकाशित रचना राजमोहन्स वाइफ
1865 में प्रथम बांग्ला उपन्यास दुर्गेश नंदिनी
1866 में सबसे चर्चित उपन्यास कपालकुंडला
1872 में मासिक पत्रिका बंगदर्शन का प्रकाशन
1873 में उपन्यास विषवृक्ष
1882 में राष्ट्रीय दृष्टिकोण आधारित उपन्यास आनंदमठ
1886 में अंतिम उपन्यास सीताराम

# बैंकॉक में मोदी-यूनुस मुलाकात के मायने

बीते शुक्रवार बैंकॉक में बिम्सटेक सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के बीच हुई मुलाकात की पृष्ठभूमि में दो घटनाओं का संदर्भ जरूरी है। पहली है, जब 5 अगस्त, 2024 को उग्र भीड़ ने बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान का घर जलाने की कोशिश की, जिसकी तस्वीरें बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का प्रतीक बनीं, इसके कुछ ही मिनट पहले शेख हसीना को ढाका छोड़कर दिल्ली भागना पड़ा था, और तथाकथित छात्र क्रांति के बाद शीर्ष पद पर अमेरिका में प्रशिक्षित अर्थशास्त्री को बैठाया गया था – इसके दो महीने बाद, 5 फरवरी को यूनुस की नाक के नीचे, वे इस घर को जलाने में कामयाब हो गये।

दूसरी घटना है, पिछले सप्ताह बीजिंग में यूनुस और चीनी व्यवसायियों के बीच हुई मुलाकात, जहां उन्होंने भारत के सात पूर्वोत्तर राज्य, जिन्हें प्यार से 'सेवन सिस्टर्स' कहा जाता है, उनको लेकर कुख्यात और नागवार टिप्पणी की थी। हम इस समूचे इलाके में समुद्र के एकमात्र संरक्षक हैंबांग्लादेश से, आप जहां चाहे जा सकते हैं। समुद्र मानो हमारा पिछला आंगन है। इसलिए, यहां पर वह अवसर है, जिसे आप लपकना चाहेंगे'। हो सकता है, उन्होंने जो कुछ कहा, उसका भावार्थ अनुवाद करते वक्त कुछ बदल गया हो। कदाचित एस. जयशंकर से लेकर हिमंत बिस्वा सरमा और प्रद्योत माणिक्य बर्मन तक, भारतीय राजनेताओं की प्रतिक्रिया अनावश्यक तौर पर कठोर रही हो। लेकिन तथ्य यह है कि प्रधानमंत्री के साथ अपनी बैठक की पूर्व संध्या पर बांग्लादेशी नेता की टिप्पणी में भारत के एक संवेदनशील मर्मस्थल का संदर्भ था – वह इलाका जो विद्रोह ग्रस्त रहा है, जहां पर सीमा पार से हथियारों की आमद होती रही है, इसमें 2001-06 के बीच खालिदा जिया की बीएनपी सरकार के वक्त चली गतिविधियां, सांप्रदायिक तनाव भी शामिल हैं – शायद कूटनीतिक लिहाज से ऐसे बोल बहुत सही नहीं थे। इसमें भारत की नाजुक रग दबाने की कोशिश दिखी– बेशक यह सच भी है। लेकिन यहां दूसरा तथ्य भी है। यही वजह है कि अपने छोटे पड़ोसियों को भारत जब कभी और जहां कहीं छोटे-छोटे अपराधबोध महसूस करवाता है तो वे इलाके के बड़े ड्रैगन (चीन) की और तकने लगते हैं ज़्यादातर मामलों को छोड़कर, और यकीनन बांग्लादेश के मामले में, उसके और चीन के बीच दूरी काफी है। इसके अलावा, नाजुक मर्मस्थल दोनों तरफ है, यदि भारत की 'सेवन सिस्टर्स' की घेराबंदी करने की फिराक में बांग्लादेश है, तब उसका भीतरी भाग असल में भारतीय इलाका है। राजनेताओं और भूगोलवेत्ताओं, दोनों ने ही, इस मूलभूत तथ्य को काफी पहले समझ लिया था यह कि भूगोल सिर्फ़ इतिहास नहीं है, यह मौजूदा राजनीति और कूटनीति से भी बना होता है। विंस्टन चर्चिल गलत नहीं थे जब उन्होंने तय किया कि वे ऐसे प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे जो ब्रिटिश साम्राज्य का सबसे अनमोल रत्न (भारतीय उपमहाद्वीप) को यूं ही छोड़ दे। विभाजन के वर्षों की गहन खोज से हमें पता चलता है कि जब 1947 में अंततः अंग्रेज़ों को लगने लगा कि अब झींकते-बिलबिलाते जाना ही पड़ेगा,



तो मन बना लिया कि इस उपमहाद्वीप को अविभाजित एवं समन्वित इकाई के रूप में छोड़कर नहीं जाएंगे। अब सीधे 2025 में आते हैं।निश्चित रूप से, भारत की असाधारण शक्ति, विशेषकर अपने आस-पास के इलाके में, को नकारा नहीं जा सकता – न 1971 में, न ही 2025 में। यह अलग बात है कि शेख हसीना ने हाल के वर्षों में अपने पैंतरों से विपक्षियों को राजनीति से बहुत हद तक महरूम रखा था – यह भी उतना ही सच है कि भारत उनके ऐसे कई उपायों को अनुमोदित नहीं करता था, विशेष रूप से देश के भीतर शांति स्थापना की खातिर बांग्लादेश की राजनीति में दूसरी अहम महिला खालिदा जिया से राबता बनाने में उनके सीधे इनकार पर। भारत को आखिर में हसीना का समर्थन इसलिए करना पड़ा, क्योंकि उसे लगता था कि विकल्प कहीं अधिक बुरा है।

वह स्याह डर अब सामने से गुजर रहा है। बांग्लादेश में 5 अगस्त को हुए सत्ता परिवर्तन ने न केवल बंगबंधु की विरासत

**ज्योति मल्होत्रा**

को खत्म कर डाला, बल्कि इसने बांग्लादेश में पाकिस्तान की आईएसआई की नापाक उपस्थिति को भी मंजूर कर लिया – बल्कि कहना चाहिए उसका स्वागत किया। साल 1971 में, 26 मार्च को, मुजीब-उर-रहमान द्वारा पाकिस्तान से 'आजादी' की घोषणा करने के चंद घंटों के अंदर, पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' मुहिम शुरू कर दी- 54 साल और कुछ दिन पूर्व जिसमें सैकड़ों बुद्धिजीवियों, नागरिकों और छात्रों की हत्या कर दी गई थी। पिछले साल ढाका में मुख्य सलाहकार के रूप में शीर्ष पद पर यूनुस की ताजपोशी में अमेरिकी खुफिया एजेंसी की संभावित भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कुछ लोग कहेंगे, इतनी जल्दी यह कहना ठीक न होगा। क्योंकि इस नवीनतम शासन परिवर्तन का अध्याय अभी पूरा नहीं हुआ। कि बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वाकिर-उज़-ज़मान, जो हसीना के समय से हैं, अभी भी सेनाध्यक्ष हैं और एक शक्ति केंद्र हैं। कि बांग्लादेश की सेना, जिनमें से कई अपने पूर्ववर्तियों की वीरगाथाएं पढ़-सुनकर बड़े हुए हैं, वे जो 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ़ बतौर 'मुक्तिजोद्धा' लड़े थे, उनका प्रभाव इतनी आसानी से जाने वाला नहीं। सवाल यह है कि अब आगे क्या? क्या यूनुस जल्द ही चुनाव की घोषणा करेंगे और क्या बीएनपी सत्ता में लौटेगी, और साथ ही खालिदा जिया का बेटा तारिक रहमान भी,जो 2006 में अपनी मां के चुनाव हारने के बाद से पिछले कई सालों से लंदन में निर्वासित जीवन जी रहा है? शायद यही भविष्य है, शायद इसलिए क्योंकि शेख हसीना की अवामी लीग काफी हद तक मिट चुकी है। यकीनन, आज बांग्लादेश में धुंधलाए वर्तमान की समझ मुख्य विषय वस्तु है और यूनुस समेत सभी पक्षों को यह याद रहे तो अच्छा होगा। इसे काफी अर्सा हो गया, लेकिन तारिक को वह रात ज़रूर याद होगी और ढाका में कुछ और लोगों को भी।

यह अच्छी बात है कि मोदी ने बैंकॉक में यूनुस से मुलाकात की है। अगर पाकिस्तानी फिर से 1971 का इतिहास लिखना चाहते हैं, अमेरिका में अपने कुछ पुराने यारों की सहायता से या बिना मदद के, तो बेहतर अर्थशास्त्री को निश्चित रूप से इस बारे में आगाह किया जाना चाहिए। हमारे दोनों मुल्क बंगाल की खाड़ी की गोद में हैं। भारत-बांग्ला दोस्ती का फलक असीम है, खासकर तब जब दोनों कॉक्स बाज़ार के धवल रेतीले समुद्र तटों पर सूर्यास्त होते हुए साथ-साथ निहारें। यहां तथ्य यह कि बांग्लादेश को हमेशा भान रहे कि भारत को सदा सब कुछ पता रहता है।

जीवन मंत्र

## दयालु बनना कमज़ोरी नहीं, ताक़त है

**दया का सबसे सुंदर पहलू यह है कि यह कभी व्यर्थ नहीं जाती चाहे सामने वाला व्यक्ति उसे समझे या नहीं, वह हमारी आत्मा को सशक्त बना देती है। इस तरह दया न केवल समाज को जोड़ने वाला सूत्र है, बल्कि यह एक ऐसा मानवीय गुण भी है, जो हमारे व्यक्तित्व को संपूर्ण बनाता है।**

दयालु बनना वास्तव में एक महान गुण है, जिसे अक्सर लोग गलत समझते हैं और कमजोरी का प्रतीक मान लेते हैं। जब कोई इंसान कठिन परिस्थितियों में भी संयम बनाए रखता है, गुस्से या बदले की भावना के बजाय शांति और समझदारी से पेश आता है, तो वह अपनी मानसिक परिपक्वता और भावनात्मक संतुलन का परिचय देता है। दया किसी के प्रति सहानुभूति दिखाना, किसी की मदद करना, किसी की गलती को माफ करना या किसी ज़रूरतमंद का साथ देना भर नहीं है, यह एक सोच है। एक ऐसा जीवन दर्शन जो इंसान को न सिर्फ खुद के करीब लाता है, बल्कि समाज के लिए भी एक सकारात्मक प्रेरणा बनाता है। दयालु व्यक्ति समाज में शांति, सहयोग और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। वह दूसरों के दर्द को महसूस कर सकता है, उनके लिए सोच सकता है, और बिना किसी अपेक्षा के मदद कर सकता है। और यह काम कोई कमजोर व्यक्ति नहीं कर सकता। दया में वह साहस होता है जो द्वेष और घृणा को जीत सकता है, और वह शक्ति होती है जो टूटे हुए रिश्तों को जोड़ सकती है। जो व्यक्ति सच्चे



मन से दूसरों के लिए कुछ करता है, वह न सिर्फ समाज का सम्मान अर्जित करता है, बल्कि भीतर से भी संतुष्ट और शांत महसूस करता है। ऐसे व्यक्ति का जीवन दूसरों के लिए एक मिसाल बन जाता है। इसलिए दयालुता को कमजोरी समझना सबसे बड़ी भूल है यह तो वह ताकत है जो इंसान को सबसे ऊंचा उठाती है और उसे वास्तव में 'महान' बनाती है। जब हम किसी की मदद करते हैं, किसी का दुःख बांटते हैं या किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश करते हैं, तो हमारे भीतर एक गहरा सुकून और संतोष जन्म लेता है। यह भावना हमें न केवल मानसिक रूप से शांत करती है, बल्कि आत्मविश्वास भी देती है कि हम किसी के लिए उपयोगी हैं। दया का सबसे सुंदर पहलू यह है कि यह कभी व्यर्थ नहीं जाती चाहे सामने वाला व्यक्ति उसे समझे या नहीं, वह हमारी आत्मा को सशक्त बना देती है। दयालु व्यक्ति के आसपास सकारात्मक ऊर्जा स्वतः ही फैलने लगती है, और लोग उसकी संगति में खुद को सहज, सुरक्षित और सम्मानित महसूस करते हैं। इस तरह दया न केवल समाज को जोड़ने वाला सूत्र है, बल्कि यह एक ऐसा मानवीय गुण भी है, जो हमारे व्यक्तित्व को संपूर्ण बनाता है। जब हम दया को अपनी आदत बना लेते हैं, तो हम न केवल एक बेहतर इंसान बनते हैं, बल्कि दूसरों के जीवन को भी बेहतर बनाने का कारण बनते हैं।

जीवन ऊर्जा | काफ़ी अन्नान : जन्म- 8 अप्रैल 1938 | जन्म

## शिक्षा हर समाज और हर परिवार में प्रगति की बुनियाद है

**काफ़ी अन्नान का जन्म 8 अप्रैल 1938 को कुमासी, घाना में हुआ था। काफ़ी अन्नान ने अपने कार्यकाल के दौरान अंतरराष्ट्रीय शांति, मानवाधिकारों पर उल्लेखनीय पहल की। उनकी छवि एक शांत, समझदार और दूरदर्शी वैश्विक नेता की थी, स्विट्जरलैंड में उनका निधन हो गया, लेकिन उनके विचार और योगदान आज भी दुनिया भर में प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं।**

यह केवल एक कथन नहीं, बल्कि एक ऐसा सत्य है जो समस्त मानवता के विकास का मूल आधार है। शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। यह व्यक्ति को न केवल ज्ञान और समझ प्रदान करती है, बल्कि उसे सोचने, सवाल करने और सही निर्णय लेने की शक्ति भी देती है। जब एक बच्चा पढ़ता है, तो केवल उसका जीवन नहीं बदलता, बल्कि उसके पूरे परिवार, समुदाय और अंततः पूरे देश की दिशा और दशा में परिवर्तन आता है। शिक्षा सामाजिक समानता का मार्ग प्रशस्त करती है। यह जाति, धर्म, लिंग और आर्थिक स्थिति जैसे भेदभावों को मिटाने में सक्षम है। एक शिक्षित समाज में



लोग अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होते हैं, जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है। साथ ही, शिक्षा लोगों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण और अन्य जीवनोपयोगी विषयों की जानकारी देती है, जिससे उनका जीवन स्तर ऊंचा उठता है। परिवारों में जब माता-पिता शिक्षित होते हैं, तो वे अपने बच्चों को भी बेहतर अवसर और मूल्यों की शिक्षा देते हैं, जिससे एक सकारात्मक चक्र निर्मित होता है। इसके अलावा, शिक्षा आर्थिक सशक्तिकरण की कुंजी है। एक शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने लिए बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त करता है, बल्कि वह दूसरों को भी रोजगार देने वाला बन सकता है। जैसे मजबूत नींव के बिना कोई भवन टिक नहीं सकता, वैसे ही शिक्षा के बिना कोई समाज या परिवार स्थायी रूप से प्रगति नहीं कर सकता। काफ़ी अन्नान का यह कथन हमें यही याद दिलाता है कि यदि हम एक बेहतर, समावेशी और प्रगतिशील दुनिया चाहते हैं, तो शिक्षा को उसका सर्वोच्च स्थान देना ही होगा।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हमेशा कर्मरत रहें

ज्ञान आनंद और प्रसिद्धि के शिखर तक वही लोग पहुंचे जिन्होंने अनुकूल अवसर नही मिलने या परिस्थितियां विपरीत होने जैसे बहानों की आड नहीं ली। प्रभु की न्यायप्रियता और उसके निर्णयों के प्रति उन्हें संदेह न रहा उन्होंने कठिन प्रतीत होते समय में भाग्य को नहीं कोसा अपितु निरंतर कर्मरत रहे प्रतिकूल लगती घटना से क्षुब्ध होकर हमारी मंदबुद्धि प्रायः प्रभु की वृहत योजनाओं से लेकर उनके अस्तित्व पर भी संदेह करने लगती है। कुछ तो अपना इष्ट तक बदल डालते हैजबकि प्रभु को उन पर आस्था रखने वाले भक्त से अपार स्नेह होता है। उसे वे कभी गिरने नहीं देते उसकी उन्नति का एक द्वार बंद होता है तो प्रभु उसके लिए दूसरा और कहीं बेहतर द्वार खोल देते हैयदि चित्त



अतीत की चिंताओं या भविष्य की कल्पनाओं में जकडे रहने का अभ्यस्त हो जाएगा तो उस धरातल तले अवसर नहीं दिखेंगे जहां आप खडे हैं अवसर उसी को दिखेंगे जिसका समग्र ध्यान आज संपन्न किए जाने वाले कार्य पर केंद्रित होगा जिसमें कार्य पूर्ण करने की प्रबल इच्छा होइतनी प्रबल कि आसपास के लुभाते विचलनकारी आकर्षणो की सुध ही न रहे। आज पगपग पर अवसरों की जितनी प्रचुरता है वैसी अतीत में कभी नहीं थीअभाव है तो केवल उन कर्मठ पुरुषार्थी परिश्रमी लोगों का जो निष्ठा से अविरल अपने स्पष्ट लक्ष्य की दिशा में अग्रसर रह सकेसूर्य की अभिनव किरणों के साथ प्रत्येक सुबह बेहतर रूप में निखरने का अवसर लाती है मनुष्य रूप में जीवन स्वयं में महान अवसर है अपना जीवन सुधारने के लिए प्रभु ने मनुष्य को अपार क्षमता प्रदान की है। बस उसे संकल्प इच्छाशक्ति सत्कार्यों और प्रयासों को क्षीण नहीं होने देना है लक्ष्य के अनुरूप सुविचार और सूझबूझ से अनेकानेक अवसरों का दोहन करना है कोई आवश्यक कार्य टालें नहीं किसी वस्तु सुविधा या साधन के उपयोग के लिए विशेष अवसर की प्रतीक्षा न करेंक्योंकि प्रत्येक दिन विशिष्ट होता है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## अपने विचार

बीजेपी चाहती है कि येन-केन प्रकारेण बिहार में उसका मुख्यमंत्री बने और यहां का संसाधन अदानी के हाथ में पहुंचे. संसाधन नहीं है, रेवेन्यू नहीं है तो इंटरेस्ट क्यों है भैया.



**-कन्हैया कुमार,** नेता, कांग्रेस

सभी नियुक्त शिक्षक दोषी नहीं हो सकते, जिन्हें आप दोषी कह रहे हैं, हमारे पास उनके खिलाफ कोई प्रमाण नहीं है. क्या भाजपा सरकार बंगाल की शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करना चाहती है?



**-ममता बनर्जी**, ,सीएम, पश्चिम बंगाल

देश में जब भी राजनीतिक बदलाव आया है, इसमें बिहार की जनता की भूमिका अहम रही है। यहां की जनता अब फिर से बदलाव करना चाहती है। हम मिलकर संविधान की रक्षा करेंगे और बिहार के हित में काम करेंगे।



**-राहुल गांधी** , नेता, कांग्रेस

राहुल गांधी के आने से तेजस्वी यादव टेंशन में हैं क्योंकि वे राजद नेता की खटिया खड़ी करने वाले हैं।बिहार में कांग्रेस का बुरा हाल है उसके जिम्मेदार राहुल गांधी है। अब तेजस्वी यादव की बारी है।



**-नित्यानंद राय,** ,नेता,भाजपा

अपने विचार
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार)।

## डी.वाई. पाटिल स्टेडियम के बाहर सफाई से नागरिक संतुष्ट

नवी मुंबई। नेरुल स्थित डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में हाल ही में हुए अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मैच के बाद परिसर की सफाई व्यवस्था से स्थानीय नागरिक संतुष्ट नजर आए। यह अभियान नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग द्वारा चलाया गया। लीजेंड्स ईआई क्लासिको जैसे बड़े आयोजन के बाद भारी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पहले से सफाई की योजना तैयार की गई थी। अभियान का संचालन अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार और जोन 1 के उपायुक्त डॉ. अजय गडदे के नेतृत्व में किया गया।

**रातभर चला अभियान, 1.5 टन कचरा किया एकत्र**

सफाई कार्य रात 11 बजे से सुबह 3 बजे तक चला, जिसमें 40 से अधिक सफाईकर्मियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान स्टेडियम के आसपास की सड़कों और परिसर से लगभग 1.5 टन सूखा कचरा, विशेष रूप से प्लास्टिक की बोतलें, एकत्र किया गया और तुरंत निपटान के लिए भेजा गया। सुबह सैर पर निकले नागरिकों ने सफाई देखकर संतोष व्यक्त किया और मनपा की इस तत्परता की सराहना की। इस अभियान ने यह साबित किया कि यदि पूर्व योजना और समन्वय हो, तो किसी भी बड़े आयोजन के बाद भी साफ-सुथरा वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

# मुंबई सेंट्रल मंडल वाणिज्यिक राजस्व में रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड

▶▶ 2024-25 में पहली बार 4485 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने इतिहास का अब तक का सर्वाधिक वाणिज्यिक राजस्व अर्जित किया है। मंडल ने विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगभग 4485 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया है। यह जानकारी पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। मंडल ने यात्री, उपनगरीय, पीआरएस, एसी लोकल, माल ढुलाई, पार्किंग और खानपान जैसे विभिन्न वाणिज्यिक क्षेत्रों में अब तक का सबसे बेहतरीन राजस्व दर्ज किया।



### डिजिटल प्रगति और यात्री सुविधा को बढ़ावा

मंडल ने डिजिटल टिकटिंग, भीड़ प्रबंधन, पीआरएस आधुनिकीकरण जैसे कई तकनीकी और प्रबंधन सुधारों के माध्यम से यात्री सुविधा को बेहतर बनाया है। बुनियादी ढांचे का विकास और माल ढुलाई में नवाचार भी इस उपलब्धि में सहायक साबित हुए।

### महाप्रबंधक ने दी बधाई

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह पश्चिम रेलवे की सक्रिय कार्यशैली और टीम भावना का परिणाम है। यह उपलब्धि बताती है कि मुंबई सेंट्रल मंडल न केवल अपनी परिचालन क्षमता में आगे है, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी रेलवे के लिए एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है।

- यात्री राजस्व : 3782 करोड़ रुपए
- एसी लोकल यात्री : 4.65 करोड़ यात्रियों से 215 करोड़ रुपए
- माल ढुलाई राजस्व : लगभग 256 करोड़ रुपए
- पे एंड पार्क : 14 करोड़ रुपए
- खानपान स्टॉल राजस्व : 16 करोड़ रुपए से अधिक

# मध्य रेल चलाएगा 42 अतिरिक्त एसी विशेष ट्रेनें

**अब तक घोषित कुल 1198 ग्रीष्मकालीन विशेष सेवाएं**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



गर्मियों की छुट्टियों और यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए मध्य रेल ने यात्रियों की सुविधा के लिए 42 नई एसी विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। इससे पहले मध्य रेल ने 284 अनारक्षित ट्रेनों सहित कुल 1156 ग्रीष्मकालीन विशेष सेवाएं घोषित की थीं। इस नई घोषणा के साथ ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की कुल संख्या 1198 हो गई है।

### प्रमुख ट्रेन सेवाएं:

- एलटीटी मुंबई – करमाली – एलटीटी मुंबई एसी साप्ताहिक विशेष (14 सेवाएं)
- 01051 : एलटीटी से हर शुक्रवार (11 अप्रैल से 23 मई) रात 10:15 बजे रवाना, अगले दिन दोपहर 12:00 बजे करमाली पहुंचेगी।
- 01052 : करमाली से हर शनिवार (12 अप्रैल से 24 मई) दोपहर 2:30 बजे रवाना, अगले दिन सुबह 4:05 बजे एलटीटी पहुंचेगी।
- ठहराव : ठाणे से लेकर थिविम तक कुल 20 स्टेशन।
- पुणे – नागपुर – पुणे एसी साप्ताहिक विशेष (14 सेवाएं)
- 01439 : पुणे से हर शनिवार (12 अप्रैल से 24 मई) रात 7:55 बजे रवाना, अगले दिन दोपहर 2:45 बजे नागपुर पहुंचेगी।
- 01440 : नागपुर से हर रविवार (13 अप्रैल से 25 मई) शाम 4:15 बजे रवाना, अगले दिन सुबह 7:20 बजे पुणे पहुंचेगी।
- ठहराव : दौंड, अहमदनगर, जलगांव, अकोला सहित 11 स्टेशन।
- पुणे – हजरत निजामुद्दीन – पुणे एसी साप्ताहिक विशेष (14 सेवाएं)
- 01441 : पुणे से हर मंगलवार (15 अप्रैल से 27 मई) शाम 5:30 बजे रवाना, अगले दिन शाम 6:10 बजे निजामुद्दीन पहुंचेगी।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों का हुआ सम्मान



**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नवी मुंबई महानगरपालिका द्वारा नेरुल के मांसाहेब मीनाताई ठाकरे अस्पताल में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम "स्वस्थ शुरुआत और आशाजनक भविष्य" के अनुरूप, आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने कहा कि शून्य से चार वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर को शून्य तक लाया जा सके। आयुक्त ने समारोह में उपस्थित सभी डॉक्टरों, नर्सों और चिकित्सा कर्मियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग बेहतर काम कर रहा है और अपेक्षा जताई कि नागरिकों को और अधिक संतोषजनक सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

### श्रेष्ठ सेवाओं के लिए मिले प्रशंसा प्रमाण पत्र

इस अवसर पर ऐरोली और वाशी अस्पताल को "सर्वश्रेष्ठ अस्पताल" के रूप में प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, नेरुल फेज 1, सीबीडी बेलापुर और नोसिल नाका को "सर्वश्रेष्ठ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र" का पुरस्कार मिला।

## कैंसर टीकाकरण शिविर में 102 युवतियां हुईं लाभान्वित

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

ठाणे जिला माहेश्वरी सभा और बांगड़ मेडिकल फाउंडेशन की संयुक्त पहल पर गर्भाशय कैंसर से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 9 से 26 वर्ष की आयु की 102 युवतियों का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। यह शिविर रविवार को भिवंडी, कल्याण और ठाणे में एक साथ आयोजित किया गया। उद्घाटन महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन गांधी और श्रीमती सुनीता पलोड के हाथों संपन्न हुआ। इस पहल में यश नर्सिंग होम की डॉ. उज्ज्वला बर्दापुरकर, क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल के डॉ. संतोष राठी और नेशनल हॉस्पिटल के डॉ. काजी ने विशेष सहयोग देते हुए टीकाकरण के महत्व को लेकर युवतियों को जागरूक भी किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महेश सोनी, जिला सचिव प्रशांत तोषनीवाल, महिला अध्यक्ष आरती जाजू, दिनेश सोमानी, विवेक बाहेती, कल्याण अध्यक्ष सुनील बजाज समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

- **माहेश्वरी सभा और बांगड़ फाउंडेशन की संयुक्त पहल**

## लिटिल आर्यन्स का वार्षिक उत्सव पर्यावरण प्रेम और रचनात्मकता से सराबोर

▶▶ 'द ग्रेट कपोक ट्री' थीम के साथ बच्चों ने पेश की अनोखी प्रस्तुति

▶▶ स्कूल परिसर में मनाया गया रंगारंग वार्षिक दिवस

**डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ**

लिटिल आर्यन प्री-के स्कूल, अंबरनाथ ने अपने स्कूल परिसर में बहुप्रतीक्षित वार्षिक दिवस बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय ₹आश्रय – महान कपोक वृक्ष₹ रहा, जिसे बच्चों ने शानदार ढंग से मंच पर उतारा। कार्यक्रम में प्रेरक वक्ता और माइंडसेट गुरु प्रो. डॉ. दिनेश गुप्ता, अग्निशमन अधिकारी भागवत सोनो, सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता गुणवंत पाटिल और अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। सभी ने बच्चों की प्रस्तुति और स्कूल की पहल की सराहना की।




### पर्यावरण शिक्षा को मिला रचनात्मक मंच

आर्य ग्लोबल ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक भरत मलिक ने बताया कि वार्षिक दिवस को किताबों से जोड़ने की परंपरा को जारी रखते हुए इस बार लिन चेरी की प्रेरणादायक कहानी ₹द ग्रेट कपोक ट्री₹ को चुना गया। इस कहानी के माध्यम से बच्चों में प्रकृति के प्रति सहानुभूति और संरक्षण की भावना जगाने का प्रयास किया गया।

### 100% भागीदारी और बच्चों की आवाज में प्रस्तुत गीत

इस कार्यक्रम की खास बात रही कि इसमें हर बच्चे की भागीदारी सुनिश्चित की गई। सभी गाने बच्चों द्वारा ही लिखे और गाए गए, जिससे सभागार में आनंद और गर्व का माहौल बन गया। संगीतमय प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया प्रो. डॉ. दिनेश गुप्ता ने कहा कि बच्चों ने जिस जुनून और मौलिकता से प्रस्तुति दी, वह प्रेरणादायक है। पर्यावरण शिक्षा को इतनी खूबसूरती से जोड़ना एक अनूठा प्रयास है। गुणवंत पाटिल ने छोटी उम्र में पारिस्थितिकी की शिक्षा देने को समय की मांग बताया।

## रामनवमी पर डोंबिवली में निकली भव्य श्रीराम पालखी यात्रा

▶▶ हजारों भक्तों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली**

डोंबिवली में रामनवमी के अवसर पर श्रीराम जल यात्रा (कावड़ यात्रा) के रूप में एक भव्य पालखी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। पालखी यात्रा की विशेषता रही ऐतिहासिक और धार्मिक वेशभूषा में शामिल हुए कलाकार — कोई छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके वीर सिपाही बना, तो कोई भगवान शिव और पार्वती के रूप में नजर आया। इन जीवंत झांकियों के साथ भक्तों ने सेल्फी लेकर यादगार पल संजोए।

विशाल रथ पर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया।



### पूरे शहर में निकाली गई यात्रा

यह पालखी यात्रा ठाकुरवाड़ी शिवमंदिर से शुरू होकर मोठागांव चौक, सम्राट चौक गणपति मंदिर, मारुति मंदिर, स्वामी विवेकानंद स्कूल, गिरजा माता मंदिर, वैभव मंगल कार्यालय से होती हुई पुन: ठाकुरवाड़ी शिवमंदिर पर समाप्त हुई। यात्रा के बाद महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

### गणमान्य लोगों की उपस्थिति

कार्यक्रम में पूर्व महापौर पुंडलिक म्हात्रे, शिवसेना जिलाप्रमुख दीपेश पुंडलिक म्हात्रे, पूर्व नगरसेवक जयेश पुंडलिक म्हात्रे सहित समाजसेवी एवं शहर के कई प्रतिष्ठित नागरिक मौजूद रहे। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में संस्था के संस्थापक नंदू गुप्ता, अध्यक्ष लालजी गुप्ता, सचिव मनोज गुप्ता, कार्याध्यक्ष अमित गुप्ता, महिला अध्यक्ष नीतू गुप्ता समेत अनेक सदस्य सक्रिय रहे। सभी ने सद्भाव, सेवा और भक्ति के साथ आयोजन को यादगार बना दिया।

## कृषि मंत्री कोकाटे के बयान पर शिवसेना (उबाठा गुट) का विरोध

**मुख्यमंत्री से कोकाटे को बर्खास्त करने की मांग**



**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे द्वारा किसानों के संदर्भ में दिए गए आपत्तिजनक बयान के खिलाफ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) भिवंडी इकाई ने जोरदार विरोध दर्ज किया है। शहर प्रमुख मनोज गगे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भिवंडी के प्रांत अधिकारी और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मंत्री कोकाटे को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित इस ज्ञापन में लिखा है कि किसानों की भावनाओं को आहत करने वाले मंत्री कोकाटे जैसे व्यक्ति को मंत्रिपद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से यह मांग की गई है कि मंत्री को तुरंत हटाकर किसानों को सम्मान दिलाया जाए।

### शिवसेना का आह्वान

यह विरोध प्रदर्शन शिवसेना प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निर्देश पर किया गया। भिवंडी शिवसेना शाखा ने इसे किसानों के सम्मान की लड़ाई बताते हुए कहा कि ऐसे बयानों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में ज़िला प्रमुख मनोज गगे, महिला प्रमुख वैशाली ताई मिस्त्री, वर्षा पाटिल, नितेश दांडेकर, मनीष गिरी, ललित राऊत, अमोल अहिरे, नितिन काठवले, शांताराम गायकवाड सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## त्रिशक्ति नारी नाविक अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' मुंबई से हुआ रवाना

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारतीय नौसेना के त्रिशक्ति नारी नाविक अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' ने सोमवार को मुंबई के कोलाबा स्थित जलयात्रा प्रशिक्षण केंद्र से 55 दिवसीय ऐतिहासिक समुद्री यात्रा की शुरुआत की। कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमई) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश ने इस अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




### मुंबई–सेशेल्स–मुंबई की 4,000 समुद्री मील की चुनौती

इस अभियान में थल सेना, नौसेना और वायु सेना की 12 महिला अधिकारी शामिल हैं, जो आईएएसवी त्रिवेणी नौका पर सवार होकर समुद्र की लहरों को चीरते हुए मुंबई से सेशेल्स और फिर वापसी का सफर तय करेंगी। यह यात्रा लगभग 4,000 समुद्री मील की होगी और इसका समापन 30 मई को ध्वजारोहण समारोह के साथ होगा।

### लैंगिक समानता और नारी सशक्तिकरण को समर्पित

नौसेना के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य समुद्री प्रयासों में लैंगिक समानता और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। 41 में से चयनित इन 12 महिला अधिकारियों ने दो वर्षों तक कठोर समुद्री प्रशिक्षण प्राप्त किया है और समुद्री जोखिमों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** — व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृष** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन** — जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कर्क** — कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी।

**सिंह** — पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

**कन्या** — जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**तुला** — धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक** — अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**धनु** — शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**मकर** — धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**कुंभ** — पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी।

**मीन** — घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

# सरकारी नौकरी कब तक लगेगी?




सरकारी नौकरी लगने के लिए पहले सरकारी नौकरी का योग और सरकारी नौकरी में कैरियर, रोजगार होना चाहिये तब ही सरकारी नौकरी मिल पाएगी।बलवान दसवाँ भाव, दसवें भाव स्वामी और सूर्य मंगल गुरु यह इन्ही की कृपा और आपसी इन ग्रहो का संबध बलवान और शुभ दसवे भाव या दसवे भाव स्वामी से होने पर ही सरकारी नौकरी मिल पाएंगी।लग्न कुंडली या दशमांश किसी एक मे भी सरकारी नौकरी योग है शुभ स्थिति में तब मिल जाएगी।अब कब मिलेगी।

जब दसवे भाव या दसवे भाव स्वामी सम्बन्धी दशा आ जाने पर सरकारी नौकरी सफलता पूर्वक मिल जाएगी।अब कुछ उदाहरणों से समझते है किन्हें सरकारी नौकरी मिल जाएगी।




**प्रियंका जैन**
**9769994439**

उदाहरण_अनुसार_मिथुन_लग्न1:-

मिथुन लग्न में दशमेश गुरु बलवान और शुभ होकर शुभ बलवान सूर्य या मंगल या सूर्य मंगल दोनो के साथ सम्बन्ध में है, या सूर्य मंगल दसवे भाव मे बैठे हो तब सरकारी नौकरी मिल जा एगी।।

उदाहरण_कर्क_लग्न_अनुसार2:-

कर्क लग्न में दशमेश मंगल है स्वयम अब मंगल यहाँ सूर्य के साथ बलवान स्थिति में है या स्वयम दसवे भाव मे मंगल या सूर्य बलवान और शुभ स्थिति में बैठे है तब सरकारी नौकरी मिल जाएगी, सरकारी नौकरी में रहेगे।। अब कब मिलेगी सरकारी जॉब इसको भी एक उदाहरण से समझते है:-

उदाहरण_धनु_लग्न_अनुसार3:-

धनु लग्न में दशमेश बुध बलवान और शुभ होकर सूर्य या मंगल के साथ सम्बद्ध में हो या सूर्य मंगल दसवे भाव मे हो तब यहॉ दशमेश बुध या सूर्य मंगल या इन ग्रहो के साथ जो कि ग्रह सम्बन्ध में हुए उनकी दशा लगते ही सरकारी नौकरी मिल जाएगी।।

## 28 साल की BPSC शिक्षिका की मौत



**समस्तीपुर :** बिहार के समस्तीपुर में प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित एक बीपीएससी शिक्षिका की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मामला जिले के मोहिउद्दीननगर का है। मृत शिक्षिका रोहतास जिले की रहनेवाली थी। वह यहां अकेले किराए के मकान में रह रही थी। दरअसल, मोहिउद्दीननगर के प्राथमिक विद्यालय सर्दभैरों में कार्यरत बीपीएससी शिक्षिका की संदिग्ध स्थिति में रविवार रात मौत हो गई। मृत शिक्षिका की पहचान रोहतास जिले के मोहद्दीगंज गांव निवासी जमुना सिंह की बेटी डिंपल कुमारी (28 वर्ष) के रूप में की गई है। मृत शिक्षिका का बीपीएससी टीआरई-1 में चयन हुआ था। वह 2023 से मोहिउद्दीननगर के सर्दभैरों गांव स्थित प्राइमरी स्कूल में पदस्थापित थी।

## बेटियों के साथ मौत को गले लगा गई मां



**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा ज़िले के मुरलीगंज प्रखंड अंतर्गत बेलोडीह पंचायत के वार्ड नंबर चार में रविवार की शाम को एक दर्दनाक पारिवारिक त्रासदी ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। राजेश राम की पत्नी चंदन देवी (उम्र 28 वर्ष) ने अपनी दो मासूम बेटियों रागिनी कुमारी (5 वर्ष) और निधि कुमारी (3 वर्ष) के साथ जहरीली दवा खाकर आत्महत्या कर ली। तीनों की मौत की जानकारी सोमवार सुबह हुई, जब पड़ोसियों को घर से कोई हलचल नहीं सुनाई दी।

## रामनवमी का झंडा हाईटेंशन तार में सटा, 5 लोग झुलसे



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के यशोदा नगर शारदा राम बजरंग अखाड़ा कमेटी के विसर्जन जुलूस में श्रीरामनवमी का झंडा हाईटेंशन तार में सट गया। इस कारण बांस पकड़ कर खड़े पांच लोगों को जोर का झटका लगा। इस हादसे में पांच लोग झुलस गए। इनमें एक की हालत गंभीर है। सभी को इलाज के लिए टीएमएच (टाटा मोटर्स अस्पताल) में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद सभी को अस्पताल लेकर गए। घायलों में प्रदीप वर्मा, बिरजू, उनका पुत्र, संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह एवं एक अन्य युवक है।

## तमाड़ में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़



**तमाड़:** रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के कराकोंडा में उत्पाद विभाग की टीम ने आज सोमवार को नकली शराब बनाने वाली एक फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। इस फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में नकली शराब बनाकर आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई की जाती थी। मौके से ईश्वर दयाल महतो नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। विभाग को इस संबंध में गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में लंबे समय से अवैध रूप से शराब बनाया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम मौके पर पहुंची और छापेमारी कर फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस दौरान मौके से 150 लीटर स्प्रिट, शराब के रेपर, रंग, कॉर्क, ढक्कन, पंचिंग मशीन समेत नकली शराब बनाने में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री जब्त की गई।

जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में बड़ी राहत

# रांची के एसी राजेश्वर नाथ आलोक समेत 18 को झारखंड हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत

**एजेंसी । रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में फंसे 18 आरोपियों को बड़ी राहत दी है। इनमें रांची के अपर समाहर्ता (लॉ एंड ऑर्डर) राजेश्वर नाथ आलोक समेत पहले जेपीएससी से चयनित दर्जनों अधिकारी शामिल हैं। सोमवार को जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत ने सभी को अग्रिम जमानत दे दी।

### सीबीआई ने जताया था विरोध, फिर भी मिली जमानत



इन सभी आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका पहले सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में खारिज हो चुकी थी। इसके बाद सभी ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने याचिकाओं का जोरदार विरोध किया, लेकिन अदालत ने याचिकाकर्ताओं को राहत दे दी।

### इन अधिकारियों को मिली अग्रिम जमानत

अग्रिम जमानत पाने वालों में कमलेश्वर नारायण, सुदर्शन मुर्मू, कामेश्वर राम, अनिल कुमार यादव, हरिवंश पंडित, योगेंद्र प्रसाद, सीमा सिंह, सुषमा नीलम सोरेंग, अनंत कुमार, राजीव कुमार, ज्योति झा, संतोष कुमार गर्ग, लक्खी राम बासकी समेत अन्य नाम शामिल हैं।

### क्या है मामला

झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC) की पहली परीक्षा के तहत नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप है। सीबीआई ने इस मामले की जांच की और 18 अधिकारियों को आरोपी बनाया था। यह मामला झारखंड प्रशासनिक सेवाओं की प्रतिष्ठा से जुड़ा है, और हाईकोर्ट से मिली यह राहत आरोपियों के लिए अस्थायी राहत मानी जा रही है।

बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड

# मुख्य शूटर सर्वजीत से पूछताछ में कई खुलासे

**एजेंसी । रुद्रपुर**



उधम सिंह नगर के नानकमत्ता गुरुद्वारे के डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सर्वजीत को पूछताछ के बाद शनिवार को जेल भेज दिया। आरोपी को 5 अप्रैल को 24 घंटे की पुलिस रिमांड पर लिया गया था। इस दौरान पुलिस ने उससे सघन पूछताछ की, जिसमें उसने कई अहम खुलासे किए हैं। अब पुलिस टीम उन्हीं सुरागों पर काम कर रही है। यह हत्याकांड 28 मार्च 2024 को उस वक्त हुआ जब दो बदमाश गुरुद्वारे के अंदर घुस आए और बाबा तरसेम सिंह को गोली मार दी। घटना के बाद गुरुद्वारे के सेवादार की तहरीर पर पुलिस ने शूटर समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस जांच में सामने आया कि इस हत्या के पीछे गहरी साजिश थी। अब तक 9 आरोपी षड्यंत्र, फंडिंग और हथियार मुहैया कराने के आरोप में जेल भेजे जा चुके हैं।

# सपा सांसद को मिली धमकी पर भड़के अखिलेश यादव

- अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी को ठहराया जिम्मेदार

**एजेंसी । लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर सपा सांसद रामजी लाल सुमन के साथ कोई भी अप्रिय घटना होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री उन्हीं संगठनों के साथ खड़े हैं, जो सपा सांसद को धमकियां दे रहे हैं।

### भाजपा छुपा रही है नाकामियां, फैला रही है सांप्रदायिकता



अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अपनी योजनाओं की विफलताओं को छुपाने के लिए सांप्रदायिक रास्ता अपना रही है। उन्होंने कहा, देश में लगातार महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है, और जनता का ध्यान इन मुद्दों से हटाने के लिए समाज में सांप्रदायिकता फैलाई जा रही है।

### रामजी लाल सुमन के बयान के बाद विवाद

सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने हाल ही में एक बयान में कहा था कि बाबर को हिंदुस्तान आने के लिए राणा सांगा ने निमंत्रण दिया था। इसके बाद से वह कई हिंदुत्ववादी संगठनों के निशाने पर आ गए हैं और उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं।

### भाजपा ने बनाई है धमकी देने वाली फौज

अखिलेश यादव ने भाजपा की तुलना नाजी जर्मनी से करते हुए कहा, हिटलर के समय जर्मनी में एक ऐसी फौज बनाई गई थी, जो लोगों को डराने और धमकाने का काम करती थी। आज भाजपा ने भी वैसी ही एक फौज बना रखी है, जो समय-समय पर लोगों का अपमान करती है और डर का माहौल बनाती है।

## सेतु आयोग बनाएगा राज्य के विकास का विजन डॉक्यूमेंट

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने राज्य स्थापना की स्वर्ण जयंती यानी गोल्डन जुबली 2050 को लक्ष्य बनाते हुए व्यापक विकास योजनाओं का रोडमैप तैयार करना शुरू कर दिया है। इसके तहत अगले 25 वर्षों में राज्य के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विकास को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जाएंगी और उन्हें चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। राज्य सरकार का फोकस प्रवासी उत्तराखंडियों को विकास प्रक्रिया से जोड़ने और निवेश के लिए प्रेरित करने पर भी है। सेतु आयोग की ओर से विभिन्न विभागों की नीतियों का गहन विश्लेषण किया जाएगा और उनके बेहतर क्रियान्वयन में सहयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में सेतु आयोग के नीतिगत निकाय की पहली बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सेतु आयोग की अहम भूमिका होगी। आयोग को दो साल की अल्पकालिक, दस साल की मध्यकालिक और 25 साल की दीर्घकालिक योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। सीएम ने राज्य में बागवानी और डेरी सेक्टर की अपार संभावनाओं को रेखांकित करते हुए आयोग को इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही युवाओं के कौशल विकास और आधुनिक प्रशिक्षण को प्राथमिकता देने की बात भी कही गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेतु आयोग को राज्य के विभिन्न विभागों के लिए उत्प्रेरक (कैटलिस्ट) की भूमिका में कार्य करना होगा।

# यूपी के स्वास्थ्य महमे में बड़ा फेरबदल

- गोरखपुर, अंबेडकरनगर सहित यूपी के छह जिलों में नए मुख्य चिकित्साधिकारी की तैनाती
- दो चरणों में जारी हुए आदेश, पहले तीन, फिर छह अधिकारियों का तबादला

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सोमवार को नौ जिलों के चिकित्सा अधिकारियों का तबादला किया गया। इन्हें नए पदों की जिम्मेदारी भी दी गई है। चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देशानुसार इन अधिकारियों को शीघ्र ही नई तैनाती का कार्यभार संभालना होगा।

### पहले आदेश में तीन जिलों के सीएमओ बदले




प्रथम आदेश में तीन प्रमुख जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को वरिष्ठ परामर्शदाता पद पर स्थानांतरित किया गया। बलिया के मुख्य जिलाधिकारी डॉ. विजयपति द्विवेदी को वाराणसी जिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया। कुशीनगर के सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया को लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल में नई जिम्मेदारी दी गई। सुल्तानपुर के सीएमओ डॉ. ओमप्रकाश को गोरखपुर जिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर स्थानांतरित किया गया।

### दूसरे आदेश में छह अधिकारियों की नई तैनाती

दूसरे चरण में छह चिकित्सा अधिकारियों को नई तैनाती दी गई। देवरिया के मुख्य जिला अधिकारी डॉ. राजेश झा को गोरखपुर के सीएमओ पद पर भेजा गया। लखनऊ के स्वास्थ्य महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. संजय कुमार शैवाल को अंबेडकर नगर के सीएमओ के रूप में नियुक्त किया गया। कासगंज के संयुक्त जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. अनुपम प्रकाश भास्कर को कुशीनगर का सीएमओ बनाया गया। आगरा के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मन को बलिया के सीएमओ के पद पर नियुक्ति मिली। मुरादाबाद के अपर सीएमओ डॉ. भारत भूषण को सुल्तानपुर के सीएमओ के रूप में तैनात किया गया। लखीमपुर खीरी के अपर सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता को देवरिया के मुख्य चिकित्सा अधिकारी पद की जिम्मेदारी मिली।

# घरौनी में संशोधन की सुविधा देने के लिए योगी सरकार लाएगी नया कानून

- ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक मानसून सत्र में पेश होने की तैयारी
- छह माह में दर्ज कर सकेंगे आपत्ति

**एजेंसी । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश सरकार अब घरौनी से जुड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक 2025 लाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में तैयार हो रहे इस कानून के लागू होते ही घरौनी प्रमाणपत्र में संशोधन की सुविधा मिल सकेगी, जो फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

### घरौनी में संशोधन और आपत्ति का प्रावधान

प्रस्तावित कानून के मुताबिक, घरौनी प्रमाणपत्र जारी होने के छह माह के भीतर कोई भी संबंधित व्यक्ति सहायक रिकॉर्ड ऑफिसर (एआरओ) के समक्ष आपत्ति दर्ज करा सकेगा। यदि एआरओ के निर्णय से कोई पक्ष असहमत होता है, तो वह जिलाधिकारी (डीएम) के पास अपील कर सकेगा। इसके बाद भी समाधान न होने पर सिविल कोर्ट का विकल्प खुला रहेगा। अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी वाले हिस्सों का स्वामित्व राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होता था। इससे भूमि विवाद बढ़ते थे और मकान बनाने के लिए बैंक लोन लेना भी मुश्किल होता था। इसी समस्या के समाधान के लिए सरकार ने 8 अक्टूबर 2020 को घरौनी प्रबंध नियमावली लागू की थी, लेकिन वह किसी अधिनियम के अंतर्गत नहीं थी।




# वैश्विक दबाव में टूटा भारतीय शेयर बाजार

- निफ्टी में 10 महीने की सबसे बड़ी गिरावट
- निवेशकों के 13.42 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी । मुंबई**

वैश्विक स्तर पर ट्रेड वॉर और मंदी की आशंका ने सोमवार को शेयर बाजार को बुरी तरह हिला दिया। घरेलू बाजार भी इस वैश्विक झटके से नहीं बच सका। भारी बिकवाली के बीच निफ्टी में 10 महीने की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जबकि सेंसेक्स 2.95% और निफ्टी 3.24% की गिरावट के साथ बंद हुआ।

### सेंसेक्स और निफ्टी दिनभर झूलते रहे, आखिरी घंटे में फिर दबाव



सेंसेक्स ने दिन की शुरुआत 3,914 अंक की गिरावट से की और 73,137.90 पर बंद हुआ, जो कि 2,226.79 अंक नीचे था। निफ्टी 1,146 अंक लुढ़ककर खुला और दिन में आंशिक रिकवरी के बावजूद 742.85 अंक टूटकर 22,161.60 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के सभी 30 शेयर और निफ्टी के 50 में से 49 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। केवल हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.22% की बढ़त के साथ एकमात्र ग्रीन शेयर रहा।

### ब्लैक मंडे जैसा माहौल, 543 शेयरों पर लगा लोअर सर्किट

अमेरिका की नई टैरिफ नीति और चीन सहित अन्य देशों की जवाबी धमकियों से ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंका गहराई, जिससे दुनियाभर के शेयर बाजार धराशायी हो गए। भारत में भी 543 शेयर लोअर सर्किट पर पहुंच गए और 13.42 लाख करोड़ रुपये की निवेशकों की पूंजी स्वाहा हो गई।

### सभी सेक्टर्स में भारी गिरावट, मिड और स्मॉलकैप भी लुढ़के

बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स में गिरावट दर्ज की गई। मेटल, रियल्टी, ऑटो, बैंकिंग और ऑयल एंड गैस सेक्टर सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। मिडकैप इंडेक्स 3.46% और स्मॉलकैप इंडेक्स 4.13% की गिरावट के साथ बंद हुए।

# दस वर्षों में पीएम मुद्रा योजना के बांटे गए 32 लाख करोड़ के लोन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत 10 वर्षों में 32.61 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 52 करोड़ से अधिक लोन दिए गए हैं।इस योजना से देशभर में उद्यमिता क्रांति को बढ़ावा मिला है। इससे व्यापार वृद्धि अब सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह छोटे शहरों और गांवों तक फैल रही है, जहां पहली बार उद्यमी अपने भाग्य की बागडोर संभाल रहे हैं।

### 8 अप्रैल, 2015 को की गई थी पीएम मुद्रा योजना की शुरुआत

Pradhan Mantri mudra Yojna

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की शुरुआत 8 अप्रैल, 2015 को की गई थी। तब से दस वर्षों के दौरान 32.61 लाख करोड़ रुपए के 52 करोड़ से ज्यादा लोन स्वीकृत किए गए हैं। यही वजह है कि लोग अब नौकरी चाहने वाले नहीं रह गए हैं, बल्कि वे नौकरी देने वाले बन रहे हैं। इस योजना से छोटे शहरों और गांवों तक कारोबार बढ़ाने में मदद मिली है। इस योजना से पहली बार कारोबार करने वाले लोगों को प्रोत्साहन भी मिला है। एसकेओसीएच की "आउटकम्स ऑफ मोदीनॉमिक्स 2014-24 की रिपोर्ट के मुताबिक "2014 से हर साल औसतन कम से कम 5.14 करोड़ व्यक्ति वर्ष रोजगार सृजित हुए हैं, जिसमें अकेले पीएमएमवाई ने 2014 से प्रति वर्ष औसतन 2.52 करोड़ स्थिर और टिकाऊ रोजगार जोड़े हैं। इस परिवर्तन का एक उदाहरण जम्मू-कश्मीर है, जिसे पीएम मुद्रा योजना के तहत अत्यधिक लाभ हुआ है और 20,72,922 मुद्रा लोन स्वीकृत किए गए हैं।" वित्त मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक "इस योजना से महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिली और 70 फीसदी से अधिक लोन महिला उद्यमियों के द्वारा लिए गए हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता बढ़ी है। इसके साथ ही लैंगिक समानता में योगदान मिला है।" पीएम मुद्रा योजना के तहत पिछले नौ वर्षों में प्रति महिलाओं को दिए जाने वाले लोन राशि 13 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 62,679 रुपए हो गई।

## रेटाज्जियो इंडस्ट्रीज की स्टॉक मार्केट में फीकी शुरुआत

- पहले दिन निवेशकों को मिला सिर्फ 2% का लाभ

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ज्वेलरी निर्माता कंपनी रेटाज्जियो इंडस्ट्रीज की सोमवार को शेयर बाजार में कमजोर लिस्टिंग देखने को मिली। कंपनी ने अपने शेयर 25 रुपए प्रति इक्विटी के भाव पर जारी किए थे, लेकिन बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी शुरुआत केवल 10 पैसे के मामूली प्रीमियम के साथ 25.10 रुपए पर हुई।

### बिकवाली दबाव में टूटकर पहुंचा लोअर सर्किट पर




लिस्टिंग के तुरंत बाद शेयर में बिकवाली का दबाव देखा गया, जिससे इसका भाव गिरकर 23.85 रुपए के लोअर सर्किट तक पहुंच गया। हालांकि, निचले स्तर पर हुई खरीदारी से इसमें दोबारा ट्रेडिंग शुरू हुई और दिन के अंत में यह शेयर 25.50 रुपए पर बंद हुआ।

### आईपीओ में एवरेज रिस्पॉन्स, 1.86 गुना हुआ सब्सक्राइब

रेटाज्जियो इंडस्ट्रीज का 15.50 करोड़ रुपए का आईपीओ 27 मार्च से 2 अप्रैल तक खुला था। इस इश्यू को 1.86 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्सा 2.57 गुना भरा गया। आईपीओ के तहत कंपनी ने 10 रुपए फेस वैल्यू वाले 61.98 लाख नए शेयर जारी किए थे।

## आरबीआई की पहली एमपीसी बैठक शुरू

**एजेंसी । मुंबई**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की वित्त वर्ष 2025-26 में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पहली समीक्षा बैठक सोमवार को यहां शुरू हो गई। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में आयोजित तीन दिवसीय द्वमासिक यह बैठक 7 से 9 अप्रैल तक चलेगी। आरबीआई गवर्नर 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे इस बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देंगे। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इस बार भी रिजर्व



बैंक रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में तीन दिवसीय द्वमासिक मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक की शुरुआत हो गई है, जो 9 अप्रैल तक चलेगी। गवर्नर संजय मल्होत्रा 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे इस बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देंगे। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस बार भी नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी तक की कटौती कर सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 सदस्य रिजर्व बैंक के होते हैं, जबकि बाकी 3 सदस्य केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। छह सदस्यीय इस समिति को मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मौद्रिक पॉलिसी बनाने के अलावा प्रमुख नीतिगत ब्याज दरें निर्धारित करने का काम सौंपा गया है। ये बैठक आमतौर पर प्रत्येक दो महीने में होती है।

## सीतारमण एक हफ्ते के आधिकारिक दौरे पर ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया जाएंगी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया के आधिकारिक दौरे पर रवाना होंगी। वह 08-13 अप्रैल की यात्रा के दौरान दोनों देशों में मंत्रिस्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगी। इस यात्रा के दौरान सीतारमण भारत और ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में भाग लेंगी तथा ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया में थिंक टैंक, निवेशकों, व्यापार जगत के नेताओं के साथ बैठक करेंगी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक भारत-यूके आर्थिक और वित्तीय वार्ता (13वीं ईएफडी) का 13वां दौर 9 अप्रैल को लंदन (यूनाइटेड किंगडम) में आयोजित किया जाएगा। वार्ता की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण और यूके के राजकोष के चांसलर द्वारा की जाएगी। इसके अलावा भारत-ब्रिटेन 13वें ईएफडी के अवसर पर निर्मला सीतारमण प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगी। भारतीय पक्ष के लिए 13वीं ईएफडी वार्ता की प्रमुख प्राथमिकताओं में आईएफएससी गिफ्ट सिटी, निवेश, बीमा और पेंशन क्षेत्र, फिनटेक और डिजिटल अर्थव्यवस्था में सहयोग तथा किफायती और टिकाऊ जलवायु वित्त जुटाना शामिल है।

पंजाब बनाम चेन्नई

# जीत की राह खोज रहे दोनों 'किंग्स'

▶▶ धोनी की फॉर्म पर सबकी निगाहें

एजेंसी | चंडीगढ़

चेन्नई सुपर किंग्स अपने आखिरी तीनों मैच हार चुकी है. अब सीएसके (CSK) कमबैक की राह ढूंढ रही है. अगला मैच चेन्नई का पंजाब किंग्स (PBKS) के खिलाफ है, जो चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. पंजाब भी चेन्नई के खिलाफ अपने होम ग्राउंड में वापसी करना चाहेगी, क्योंकि पंजाब को पांच अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 50 रन से हार का सामना करना पड़ा था. चेन्नई सुपर किंग्स प्वाइंट टेबल्स (Pint Tables) में भी 9वें स्थान पर है. वहीं, पंजाब चौथे पर है. 8 अप्रैल यानी मंगलवार को आईपीएल 2025 के दो मैच खेले जाएंगे. पहला मैच साढ़े तीन बजे केकेआर (KKR) और लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के बीच साढ़े 3 बजे कोलकाता के ईडन गार्डंस में खेला जाएगा. दूसरा मुकाबला शाम साढ़े 7 बजे से चेन्नई और पंजाब के बीच होगा. इस सीजन में दोनों टीमों पहली बार भिड़ेंगी. अगर दोनों टीमों में इस बार परफॉर्मैंस को देख तुलना की जाए।



### पंजाब लिए चहल हो सकते हैं कामगार

श्रेयस अय्यर (Shreyas Iyer) की अगुआई वाली पंजाब टीम जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी। क्योंकि टीम ने तीन मैच में शुरुआती दोनों मैच जीते हैं। जैसे ही टीम होम ग्राउंड पर पहुंची तो तीसरा मैच राजस्थान से हार गई थी। पंजाब में चेन्नई के खिलाफ ग्लेन मैक्सवेल का बल्ला चल सकता है। क्योंकि वो रविचंद्रन अश्विन और नूर अहमद के खिलाफ तेजी से बनाते हैं। वहीं, पंजाब के युजवेंद्र चहल भी गायकवाड़, धोनी और जाडेजा के खिलाफ मजबूत दिखते हैं। चंडीगढ़ के स्टेडियम में पंजाब का रिकॉर्ड ज्यादा खराब है, क्योंकि छह मैच में से सिर्फ एक मैच ही जीता है। यही हाल मोहाली के स्टेडियम का है, जहां सिर्फ पांच में से एक ही मैच जीता है।

### खामोश है धोनी का बल्ला

पिछले तीन मैचों में रन चेज में असफल रही चेन्नई के लिए भी काफी चुनौतियां होंगी। आखिरी मैच में सीएसके को अपने होम ग्राउंड पर दिल्ली कैपिटल्स (Delhi Capitals) से हार का सामना करना पड़ा था। एमएस धोनी का बल्ला भी खामोश है। चेन्नई की ओर से कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (Rituraj Gayakwad) डेवेन कॉनवे के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। वहीं, रचिन रविंद्र तीसरे पर बल्लेबाजी करने आ सकते हैं।

### चेन्नई और पंजाब हेड-टू-हेड

आईपीएल में अब तक दोनों टीमें 30 बार भिड़ चुकी हैं। इसमें चेन्नई का पलड़ा ज्यादा भारी रहा है। चेन्नई ने पंजाब को 16 बार हराया है। वहीं, पंजाब ने CSK के खिलाफ 14 मैच जीते हैं। हालिया फॉर्म की बात करें तो पंजाब मजबूत दिख रही है। क्योंकि PBKS ने CSK के खिलाफ पिछले 5 मैचों में से 4 जीते हैं।

### चंडीगढ़ क्रिकेट स्टेडियम पिच रिपोर्ट

महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अब तक छह आईपीएल मैच खेले गए हैं। यहां तीन बार चेज करने वाली और तीन बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने मैच जीते हैं। इस स्टेडियम की पिच पर तेज गेंदबाजों को उछाल मिलती है, जहां शुरुआत में विकेट लेना आसान रहता है। फिर कुछ ओवर होने के बाद बल्लेबाजों के बैट से रन बरसने लगते हैं। यहां ओस की भी भूमिका रहती है। आम तौर पर इस पिच पर टीमें पहले फील्डिंग करना पसंद करती हैं, ताकि बल्लेबाजों को ओस की मदद मिले।

### संभावित प्लेइंग इलेवन

पंजाब किंग्सः श्रेयस अय्यर (कप्तान), मार्कस स्टोइनिस, जोश इंग्लिस, शशांक सिंह, प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, नेहाल वढेरा, युजवेंद्र चहल, मार्को यानसेन, अर्शदीप सिंह, लॉकी फर्ग्यूसन।

चेन्नई सुपर किंग्सः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, डेवोन कॉन्वे, रचिन रवींद्र, सैम करन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, रवीचंद्रन अश्निन, मथिशा पथिराना, खलील अहमद, मुकेश चौधरी।



केकेआर बनाम लखनऊ

# प्लेऑफ की होड़ में भिड़ेंगी दोनों टीमें, रिंकू-पंत की परीक्षा तय

▶▶ केकेआर और लखनऊ के बीच होगा बड़ा मुकाबला

एजेंसी | कोलकाता

आईपीएल 2025 के 21वें मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) से सोमवार को ईडन गार्डंस में दोपहर 3:30 बजे होगा। दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबले जीतकर आई हैं और टॉप-4 में जगह बनाने की कोशिश करेंगी।

### हेड टू हेड में LSG का पलड़ा भारी

अब तक दोनों टीमों के बीच 5 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें 3 बार लखनऊ ने और 2 बार केकेआर ने जीत दर्ज की। हालांकि पिछले सीजन में केकेआर ने दोनों बार लखनऊ को मात दी थी।

### पिच रिपोर्ट : गेंदबाजों को मिलेगी मदद

ईडन गार्डंस की पिच तेज गेंदबाजों को नई गेंद से स्विंग देती है, जबकि बाद में स्पिनर्स को भी मदद मिलती है। बल्लेबाजों को बड़े शॉट लगाने में मुश्किल हो सकती है। मौसम साफ रहेगा और तापमान 20-25 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद है।



### रिंकू को शार्दुल से खतरा

■ केकेआर के रिंकू सिंह शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन उनके लिए लखनऊ के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर चुनौती बन सकते हैं। शार्दुल ने रिंकू को अब तक तीन बार आउट किया है और उनके सामने रिंकू का स्ट्राइक रेट सिर्फ 118.18 है।

### पंत बनाम वरुण की टक्कर

■ लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत का बल्ला इस सीजन शांत रहा है। उनके लिए केकेआर के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती परेशानी बन सकते हैं, जिन्होंने पंत को छह पारियों में तीन बार आउट किया है। पंत का स्ट्राइक रेट वरुण के खिलाफ सिर्फ 103.33 है।

### पूरन को रोकेंगे नरेन

■ लखनऊ के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज निकोलस पूरन से कप्तान को उम्मीदें होंगी, लेकिन केकेआर के स्पिनर सुनील नरेन उनके इरादों पर पानी फेर सकते हैं। टी20 में दोनों की 23 बार टक्कर हुई है, जिसमें नरेन ने पूरन को तीन बार आउट किया है और पूरन का स्ट्राइक रेट सिर्फ 126.78 रहा है।

## तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाक पर जुर्माना

**माउंट माउंगनुई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी इलीट पैनल के जेफ क्रो ने यह जुर्माना लगाया है। मोहम्मद रिजवान की टीम को लक्ष्य से एक ओवर कम होने पर यह फैसला सुनाया गया। न्यूनतम ओवर-रेट से संबंधित आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, तय समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। रिजवान ने प्रस्तावित दंड स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं थी।

## टीम को तीनों विभागों में सुधार करने की जरूरत : विटोरी

एजेंसी | हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया है कि आईपीएल में उनकी लगातार चौथी हार खेल के तीनों विभागों में खराब प्रदर्शन के कारण हुई। उन्होंने साथ ही कहा कि अगर उन्हें हार से उबरना है तो इसमें सुधार करना होगा।



### तालिका में सबसे नीचे

पिछले साल फाइनल में जगह बनाने वाली सनराइजर्स की टीम मौजूदा सत्र में आक्रामक फॉर्म बरकरार नहीं रख पाई है। टीम फिलहाल पांच मैच के बाद दस टीमों में सबसे नीचे है। इसके शीर्ष तीन खिलाड़ियों ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा और इशान किशन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। रविवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार के बाद विटोरी ने कहा, हर व्यक्ति इसे समझता है और पिछले चार मैच में यह करीबी मुकाबला नहीं रहा है। लेकिन बेशक हमारे लिए चुनौती आगे बढ़ना है क्योंकि हर आईपीएल टीम किसी न किसी चरण में हार का सामना करती है। अब हमारे पास बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे पंजाब के खिलाफ खेलने से पहले पांच दिन का ब्रेक है। हमें उस मैच के लिए तैयार रहना होगा।

### खराब रहा क्षेत्ररक्षण

विटोरी को यह स्वीकारने में कोई झिझक नहीं है कि उनकी टीम ने सर्वश्रेष्ठ से बहुत निचले स्तर का प्रदर्शन किया है। न्यूजीलैंड के इस पूर्व स्पिनर ने कहा, हम पिछले चार मैच में से किसी में भी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब नहीं पहुंच पाए और मुझे लगता है कि तीनों विभाग में ऐसा हुआ। अधिकांश टीम का स्तर उनके क्षेत्ररक्षण पर निर्भर करता है और हम क्षेत्ररक्षण में बहुत खराब रहे हैं। इसलिए अब और पंजाब के मैच के बीच में हमें इस पर काम करना होगा। टाइटंस के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने बीच के ओवरों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। वह रविवार रात मोहम्मद सिराज के साथ शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। उन्होंने कहा, इससे मुझे अपना काम बेहतर तरीके से करने में मदद मिल रही है (पावरप्ले में देर से गेंदबाजी करना)। हमने साथ में शानदार सत्र बिताए हैं। जनवरी या फरवरी से उसने (सिराज) जो भी काम किया है, उसका फायदा मिल रहा है।

## हैरी ब्रूक इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान

**लंदन।** जोस बटलर के पिछले महीने चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के लचर प्रदर्शन को देखते हुए कप्तानी छोड़ने के बाद 26 साल के हैरी ब्रूक को सोमवार को सीमित ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त कर दिया गया। ब्रूक को पिछले साल की आईपीएल नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने अनुबंधित किया था लेकिन राष्ट्रीय टीम में अपने करियर पर ध्यान केंद्रित लगाने के लिए वह आईपीएल से हट गए थे। बाद में उन पर लीग में खेलने से दो साल का प्रतिबंध लगा दिया गया था। ब्रूक जनवरी 2022 में पदार्पण के बाद से इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम का अहम हिस्सा रहे हैं।

## मैदान पर अपनी उपलब्धियों से काफी संतुष्ट हैं माही

एजेंसी | चंडीगढ़

चेन्नई सुपर किंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धौनी ने कहा है कि वह मैदान पर अपनी उपलब्धियों से काफी संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, यह इस बारे में नहीं है कि मैं खुश हूं या दुखी। जो कुछ भी हुआ, वह हो चुका है। इसे बदला नहीं जा सकता। हाल में एक पॉडकास्ट पर धौनी ने कहा, यह सब कुछ स्वीकार करने के बारे में है। चाहे कुछ भी हो मैं अपने अंतरराष्ट्रीय रन में एक और रन नहीं जोड़ पाऊंगा और कोई भी उन्हें कम नहीं कर पाएगा। धौनी हमेशा वर्तमान को देखने वाले व्यक्ति रहे हैं लेकिन उन्होंने फिर सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, विरेन्दर सहवाग और युवराज सिंह जैसे दिग्गजों को एक ही टीम में देखने की इच्छा जताई।



### भविष्य शरीर पर निर्भर

लीग में अपने भविष्य पर उन्होंने कहा कि उनके करियर को खत्म करने का फैसला इस बात पर निर्भर करता है कि उनका शरीर शीर्ष स्तर के क्रिकेट की मांग पर कैसे प्रतिक्रिया देता है। उनके पास यह फैसला करने के लिए '10 महीने हैं। मौजूदा आईपीएल में धौनी उस तरह का प्रभाव नहीं डाल पाए हैं जैसा कि वे आमतौर पर निचले मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते हुए डालते हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी 43 साल का हूं और इस आईपीएल सत्र के अंत तक मैं 44 साल का हो जाऊंगा। मेरे पास यह तय करने के लिए 10 महीने हैं कि मैं एक और साल खेलना चाहता हूं या नहीं।

बॉ ली वु ड



## 'लापता लेडीज ने जिंदगी बदल दी'

### नितांशी ने जताई किरण राव-आमिर खान के साथ फिर काम करने की इच्छा

पिछली साल रिलीज हुई फिल्म 'लापता लेडीज' को समीक्षकों और दर्शकों दोनों का ही प्यार मिला। 'आईफा अवॉड्र्स 2025' में भी फिल्म का जलवा रहा और इसने वहां बेस्ट फिल्म समेत 10 अवॉर्ड अपने नाम किए। इस फिल्म से नितांशी गोयल को काफी पहचान मिली, जिसके बाद फैंस ने उनके अभिनय को भी सराहा। बीते दिनों जयपुर में हुए आईफा अवॉड्र्स में नितांशी ने अमर उजाला के साथ खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने फिल्म और पर्सनल लाइफ से जुड़े कई अनुभव साझा किए।

### पहली बार आईफा का हिस्सा बनीं नितांशी

नितांशी ने इस साल पहली बार आईफा अवॉर्ड्स में हिस्सा लिया। उन्होंने इस बारे में बात करते हुए खुशी भी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'मैंने आईफा हमेशा अपने परिवार के साथ टीवी पर देखा है और जब मैं इसे आज अटैंड कर रही हूं तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। खास बात यह है कि यहां हमारी फिल्म 'लापता लेडीज' को कई कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया।'

### फिल्म ने दिलाई खास पहचान

'लापता लेडीज' के बाद मिली पहचान और प्यार के बारे में पूछने पर नितांशी ने कहा- 'इस फिल्म मुझे खास पहचान मिली है। जिंदगी में बहुत खूबसूरत सा बदलाव आया है क्योंकि हर किसी को अच्छा लगता है, जब उन्हें लोगों से प्यार मिलता है। आप सबने तो मुझे पूरी टोकरी भरकर दे दी है प्यार की तो यह मेरे लिए बहुत अच्छा है।'

### इंडस्ट्री से मिल रहा समर्थन

'लापता लेडीज' के बाद इंडस्ट्री से मिले खास समर्थन के बारे में बात करते हुए नितांशी ने कहा कि उन्हें बहुत लोगों का समर्थन और प्यार मिला। इंडस्ट्री उनके साथ बहुत प्यार से व्यवहार करती है। उन्हें फिल्म की रिलीज के बाद इंडस्ट्री के कई लोगों से खूब तारीफें सुनने के लिए भी मिलीं। नितांशी ने कहा कि इंडस्ट्री से सबसे बेहतरीन सलाह उन्हें यह मिली कि वह जैसी हैं, वैसी ही रहें और उनका यह अंदाज इंडस्ट्री में काफी आगे लेकर जाएगा। वह इन बातों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रही हैं।




## 'किंग' में शाहरुख के साथ नजर आएंगी दीपिका पादुकोण



शाहरुख खान ने साल 2023 में जबरदस्त वापसी की थी। उनकी तीनों फिल्में 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन किया और उन्हें एक बार फिर बॉलीवुड का 'किंग' साबित किया। हालांकि 2024 में उनकी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई, जिससे फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब उनके प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है शाहरुख जल्द ही फिल्म 'किंग' में नजर आएंगे। इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं, जिन्होंने 'वॉर' और 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर एक्शन फिल्मों से खुद को साबित किया है।

## मैरी कॉम 2 बनने के मिले संकेत



साल 2014 में बॉक्सिंग चैंपियन मैरी कॉम पर फिल्म बनी थीं, इसमें उनके बॉक्सिंग चैंपियन बनने के सफर और संघर्ष को दिखाया गया। फिल्म में मैरी कॉम का रोल प्रियंका चोपड़ा ने निभाया। इस फिल्म को ओमांग कुमार ने निर्देशित किया था। फिल्म से निर्माता के तौर पर निर्देशक संजय लीला भंसाली भी जुड़े थे। हाल ही में मैरी कॉम ने संजय लीला भंसाली के साथ कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की। यह पोस्ट मैरी कॉम ने री-पोस्ट की है। पहले इस पोस्ट को चिराग खान ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज से साझा किया गया। इस पोस्ट पर एक मैसेज भी लिखा है, 'जल्द ही एक बड़ी घोषणा होगी।' इस मैसेज के बाद मैरी कॉम, संजय लीला भंसाली और हितेश चौधरी को टैग किया गया है।' इस बात से कहीं ना कहीं संकेत मिलते हैं कि 'मैरी कॉम 2' को लेकर चर्चा हो रही

## 'मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज




फिल्म 'मिशनः इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर आज सोमवार 07 अप्रैल को रिलीज हो गया है। यह इस लोकप्रिय फ्रेंचाइजी की आठवीं फिल्म है। टॉम क्रूज इसमें एक्शन दिखाते नजर आएंगे। उन्होंने एथन हंट के रूप में वापसी की है। यह फिल्म इस साल मई में रिलीज होगी। सिनेमा जगत की इस सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म का ट्रेलर पैरामाउंट पिक्चर्स इंडिया के यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया है। दावे किए जा रहे हैं कि यह इस साल की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म साबित होगी। ट्रेलर में दिखाया गया है कि एथन हंट ने अपने खतरनाक मिशन पर वापसी की है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

सहायक आयुक्त कार्यालय 'एच/डब्ल्यू' वार्ड, द्वितीय हसनाबाद लेन, खार (पश्चिम), मुंबई-400 052.
सं.-ACHW/19/GEN/AEM. दिनांक 04/04/22025

**कोटेशन नोटिस**

ए.ई. (मेंटेन) एच/वेस्ट वार्ड के दैनिक उपयोग के लिए 03 नं. 1000 सीसी नॉन एसी वाहन किराए पर लेने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रण।

नियम और शर्तों के साथ खाली कोटेशन फॉर्म एच.सी. (एक्सप.) से उपरोक्त पते पर 08.04.2025 से 11.04.2024 तक सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक 3630 रुपये + 18% जीएसटी के भुगतान पर खरीदा जा सकता है।

उपरोक्त सेवाओं के लिए ईएमडी रु.15000/- (केवल पंद्रह हजार रुपये)। ईएमडी का भुगतान 11.04.2025 को या उससे पहले नकद में किया जाना है।

कोटेशन 15.04.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक स्वीकार किया जाएगा और उसी दिन दोपहर 3.00 बजे खोला जाएगा।

सहायक आयुक्त, एच/पश्चिम को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी कोटेशन को बदलने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है

पीआरओ/56/विज्ञा./2025-26

हस्ता/-
सहायक इंजीनियर (रखरखाव), एच/पश्चिम

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

# भारत में पहली बार 100 के नीचे आया मातृ मृत्यु

## ▶▶ भारत में बीते ढाई दशक में 78 फीसदी कम हुई मातृ मृत्यु दर

**उपलब्धि**



- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जारी की रिपोर्ट
- वर्ष 2000 से 2023 के बीच जुटाया डाटा
- 2023 में 80 मौतें हुईं
- नाइजीरिया में सबसे ज्यादा 75 हजार महिलाओं ने गंवाईं जान

> "यह रिपोर्ट उम्मीद की किरण दिखाती है। वहीं डाटा यह भी दर्शाता है कि आज भी दुनिया के अधिकांश हिस्सों में गर्भावस्था कितनी खतरनाक है। मातृ मृत्यु का कारण बनने वाली मुश्किलों को रोकने के लिए इलाज जैसे समाधान मौजूद है। बस महिलाओं के स्वास्थ्य और प्रजनन अधिकारों को मजबूत करने की जरूरत है।
>
> – डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस, महानिदेशक, डब्ल्यूएचओ

एजेंसी | संयुक्त राष्ट्र

भारत समेत दुनिया के कई देशों में महिलाओं के प्रसव के बाद जीवित रहने की संभावना पहले से कही अधिक है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की नई रिपोर्ट के अनुसार, करीब ढाई दशक में भारत में 78 फीसदी मातृ मृत्यु दर में गिरावट हुई है, जबकि दुनियाभर में यह गिरावट 40 फीसदी दर्ज की गई। रिपोर्ट में वर्ष 2000 और 2023 के बीच डाटा एकत्र किया गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पिछले 23 साल में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के कारण यह संभव हो पाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र ने यह अध्ययन करीब 195 देशों में किया। इसमें पाया गया कि भारत में पहली बार मातृ मृत्यु दर पहली बार 100 के नीचे आया है।

वर्ष 2023 में 80 महिलाओं की मौत प्रसव के दौरान हुई, जबकि वर्ष 2000 में यह आंकड़ा 362 के करीब था।

पिछले दिनों शिशु मृत्यु दर में गिरावट के बाद मांओं की मौत के मामले में कमी होना भारत की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### संघर्ष वाले 37 देशों पर भी पड़ा असर

रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में हिंसक संघर्ष से करीब 17 देश और 20 संवेदनशील क्षेत्र प्रभावित रहे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की हालात बदतर होने से मातृ मृत्यु दर की स्थिति में बढ़ोतरी हुई। कुल 37 देश लगभग 61.4% मातृ मृत्यु दर के जिम्मेदार रहे। वहीं संघर्ष प्रभावित देशों में प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 504 मातृ मृत्यु दर्ज की गई, जो दुनिया की दर से दोगुनी है। इन संघर्ष क्षेत्रों में यूरोप, अफ्रीका और पश्चिम एशिया जैसे देश शामिल रहे।

### भूटान में सबसे ज्यादा गिरावट

रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पड़ोसी देशों में भूटान में हालात ज्यादा सुखद हैं, जहां पिछले 23 साल में मातृ मृत्यु दर में गिरावट सबसे ज्यादा 85 फीसदी दर्ज की गई। इसके बाद बांग्लादेश में 79, नेपाल में 72, चीन में 70, पाकिस्तान में 65, अफगानिस्तान में 62 और श्रीलंका में 54 फीसदी रहा।

**पिछले ढाई दशक में भारत में मातृ मृत्यु दर की स्थिति**

| वर्ष | संख्या |
|---|---|
| 2000 | 362 |
| 2005 | 277 |
| 2010 | 188 |
| 2015 | 129 |
| 2020 | 101 |
| 2023 | 80 |

**भारत के पड़ोसी देशों में मौतों की संख्या**

| | |
|---|---|
| भारत | 9000 |
| पाकिस्तान | 11000 |
| अफगानिस्तान | 7600 |
| बांग्लादेश | 4000 |
| चीन | 1400 |
| नेपाल | 820 |
| श्रीलंका | 59 |
| भूटान | 05 |

### माताओं की मौत में भारत दूसरे स्थान पर

■ रिपोर्ट में उपलब्धि के साथ-साथ महिलाओं की मौत को लेकर चिंता भी जताई गई है। इसके अनुसार, 2023 में दुनिया में माताओं की मौत के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है, जबकि नाइजीरिया पहले स्थान है। अफ्रीकी देश नाइजीरिया में विश्व की एक चौथाई से अधिक 75 हजार ( 28.7 फीसदी ) महिलाओं ने प्रसव के दौरान जान गंवाई। इसके बाद भारत में 19 हजार (7.2%), कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में 19 हजार (7.2 फीसदी) और और पाकिस्तान में 11 हजार (4.1 फीसदी) मांओं की जान गई। इन चार देशों में 2023 में वैश्विक स्तर पर सभी मातृ मृत्यु का लगभग आधा 47% हिस्सा दर्ज किया गया।

### कोविड का भी असर

■ रिपोर्ट में महिलाओं के स्वास्थ्य पर कोविड महामारी के प्रभाव की भी जानकारी देता है। 2021 में गर्भावस्था या प्रसव के कारण अनुमानित 40 हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु हुई, जिससे यह आंकड़ा 282 000 से बढ़कर 322 000 हो गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह उछाल कोविड के कारण होने वाले गंभीर स्वास्थ्य खतरों से जुड़ा है, जिसमें महामारी के कारण रुकावट आ गई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष2016 के बाद से सुधार की गति काफी धीमी हो गई है।उन्होंने अनुमान जताया कि 2023 में गर्भावस्था या प्रसव से जुड़ी जटिलताओं के परिणामस्वरूप 260 000 महिलाओं की मौत हो गई, जो लगभग हर दो मिनट में एक मातृ मृत्यु के बराबर है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मुस्लिम आरक्षण के खिलाफ विहिप का आज कर्नाटक में आंदोलन

**बेंगलुरु।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सोमवार को कहा कि वह सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के खिलाफ मंगलवार को पूरे कर्नाटक में विरोध प्रदर्शन करेगी। एक बयान जारी कर संगठन ने कर्नाटक सरकार द्वारा विधानसभा में इस आरक्षण को लेकर पेश किए गए विधेयक की कड़ी निंदा की। कहा कि हम इस असंवैधानिक फैसले का कड़ा विरोध करते हैं और विरोध के तौर पर पूरे राज्य में प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं।

### आसाराम को फिर 1 जुलाई तक अंतरिम जमानत

**जोधपुर।** जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत की अवधि 1 जुलाई तक बढ़ा दी है।

### एक्ट्रेस रान्या राव सहित 3 आरोपियों की ज्यूडिशियल कस्टडी बढ़ी

**बेंगलुरु।** गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तारी कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव और उसके दो अन्य साथियों की ज्यूडिशियल कस्टडी 21 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। अन्य दो आरोपियों के नाम तरुण राजू और साहिल जैन हैं। कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 3 मार्च को 14.2 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद 10 मार्च को उसके दोस्त तरुण राजू को अरेस्ट किया गया था।

### बीमा पॉलिसी के तहत मुआवजे पर दोबार करें फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) को अहम निर्देश दिया। इसके तहक न्यायालय ने एनसीडीआरसी को निर्देश दिया कि वह 2005 में एक कंपनी को हुए नुकसान के लिए बीमा पॉलिसी के तहत देय मुआवजे की राशि पर नए सिरे से विचार करे। यह आदेश जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अगस्त 2022 में एनसीडीआरसी द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ बीमा कंपनी की अपील पर सुनवाई करते हुए दिया। बता दें कि एनसीडीआरसी ने पहले माना था कि बीमा कंपनी को कंपनी को मुआवजा देना चाहिए क्योंकि फैक्ट्री शेड के ढहने से कंपनी को नुकसान हुआ था।

## तेजस तैयार रखेगा एचएएल, इंजन मिलते ही होंगे फिट

एजेंसी | नई दिल्ली



अमेरिका से जीई एफ 404 इंजनों की आपूर्ति में हुए विलंब के कारण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के लिए वायुसेना को तय समय पर तेजस विमानों की आपूर्ति में मुश्किल आ रही है। हालांकि एचएएल की कोशिश है कि विलंब न्यूनतम हो। इसके लिए उसने बिना इंजन के विमानों का निर्माण जारी रखा है। साथ ही विमान निर्माण की दो नई सुविधाएं भी विकसित की है। दरअसल, तेजस एमके1ए के लिए जीई से 99 इंजनों की खरीद के लिए 2021 में करार हुआ था और मार्च 2023 से इंजनों की आपूर्ति शुरू होनी थी, लेकिन इसमें दो साल का विलंब हो गया। अप्रैल 2025 में पहला इंजन मिला है तथा इस साल कुल 12 इंजन ही एचएएल को मिल पाएंगे।

### दो स्तर पर चल रहा काम

■ एचएएल सूत्रों के अनुसार देरी कम करने के लिए दो स्तर पर काम चल रहा। एक विमानों का निर्माण जारी है। एचएएल बेंगलुरु में 9 विमान बनकर तैयार हैं जैसे ही इंजन मिलेंगे उनको फिट कर वायुसेना को सौंप दिया जाएगा। बेंगलुरु और नासिक में भी एचएएल ने विमान निर्माण की दो नई सुविधाएं विकसित की हैं जहां जल्द निर्माण शुरू होगा। जहां पहले एचएएल की क्षमता 12 विमान ही साल में बना पाने की थी, अब वह 24-25 तक सालाना हो गई है।

## आज भारत के दौरे पर आएंगे दुबई के क्राउन प्रिंस

**रक्षा और विदेश मंत्री से करेंगे मुलाकात**

एजेंसी | नई दिल्ली



यूएई के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम आज से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आएंगे। दुबई के क्राउन प्रिंस के रूप में यह उनकी पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक उच्च स्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। इस दौरान वे भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही, वे मुंबई में एक बिजनेस राउंडटेबल में भी हिस्सा लेंगे, जिसका उद्देश्य भारत और यूएई के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह भारत में शेख हमदान का यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी 8 अप्रैल को क्राउन प्रिंस के सम्मान में एक वर्किंग लंच की मेजबानी भी करेंगे।

## मानहानि मामले में मेधा पाटकर को हाईकोर्ट से मिली हिदायत

**▶▶ दिल्ली हाईकोर्ट ने वर्चुअल पेशी के लिए सत्र न्यायालय जाने को कहा**

एजेंसी | नई दिल्ली



सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में मिली सजा को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सोमवार को न्यायमूर्ति शैलेन्द्र कौर की पीठ ने पाटकर से कहा कि यदि वह वर्चुअली पेश होना चाहती हैं तो इसके लिए उन्हें सत्र न्यायालय में आवेदन करना होगा।

### 23 साल पुराना है मामला, सत्र अदालत ने भी दोषसिद्धि बरकरार रखी

वीके सक्सेना ने यह मामला 23 साल पहले दर्ज कराया था, जब वह गुजरात में एक गैर-सरकारी संगठन का नेतृत्व कर रहे थे। मेधा पाटकर की दोषसिद्धि को हाल ही में सत्र न्यायालय ने भी बरकरार रखा था। पाटकर ने 2 अप्रैल को आए इसी फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

### अभी नहीं सुनी जाएगी समय पूर्व दायर याचिका

पीठ ने कहा कि याचिका समय से पहले दायर की गई है, इसलिए इसे फिलहाल नहीं सुना जा सकता। हालांकि, वकीलों को सत्र न्यायालय में उपयुक्त आवेदन दाखिल करने की छूट दी गई है, जिस पर विचार किया जाएगा मेधा पाटकर द्वारा दोषसिद्धि के खिलाफ दाखिल मुख्य याचिका की सुनवाई अब 19 मई को होगी। उन्होंने 8 अप्रैल को सजा पर बहस के लिए व्यक्तिगत रूप से पेश होने के निर्देश को भी चुनौती दी थी।

## स्टालिन का केंद्र पर हमला: कच्चातीवु द्वीप का मुद्दा नहीं उठाने का भी आरोप

एजेंसी | चेन्नई



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मछुआरों के मुद्दे की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने अपनी हालिया श्रीलंका यात्रा के दौरान कच्चातीवु द्वीप को वापस लेने का मुद्दा तक नहीं उठाया। राज्य विधानसभा में बोलते हुए स्टालिन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के मछुआरों को रिहा कराने और उनकी नौकाएं वापस लाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। यह बेहद निराशाजनक और खेदजनक है। उन्होंने केंद्र पर मछुआरों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया, साथ ही भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी।

### कच्चातीवु पर विधानसभा ने पारित किया प्रस्ताव

स्टालिन ने यह भी याद दिलाया कि तमिलनाडु विधानसभा ने हाल ही में एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि वह 1974 और 1976 के समझौतों के तहत श्रीलंका को सौंपे गए कच्चातीवु द्वीप को वापस ले। उन्होंने इसे तमिल मछुआरों के पारंपरिक मछली पकड़ने के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक स्थायी समाधान बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले सप्ताह थाईलैंड और श्रीलंका की विदेश यात्रा पर थे।

## राष्ट्रीय दलों को मिले चंदे में भाजपा सबसे आगे

- ▶▶ अकेले 88% फंड पर किया कब्जा
- ▶▶ एडीआर की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा
- ▶▶ कांग्रेस को भी मिला रिकॉर्ड चंदा, बसपा को नहीं मिला एक भी रुपया

एजेंसी | नई दिल्ली

वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे में ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन सबसे ज्यादा फायदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हुआ है। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स' की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश के छह राष्ट्रीय दलों को कुल मिले चंदे का 88 फीसदी से ज्यादा हिस्सा अकेले भाजपा को मिला है।



### भाजपा को 2243 करोड़ रुपए का चंदा, कांग्रेस को सिर्फ 281 करोड़

■ 2023-24 में भाजपा को 2243.947 करोड़ रुपए का चंदा मिला है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले 211 फीसदी अधिक है। 2022-23 में पार्टी को 719.858 करोड़ रुपए चंदा मिला था। वहीं कांग्रेस को 2023-24 में 281.48 करोड़ रुपए का चंदा मिला, जो पिछले साल के 80 करोड़ रुपए से 252 फीसदी अधिक है। जहां आम आदमी पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के चंदे में भारी गिरावट आई है, वहीं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को लगातार दूसरे साल भी एक रुपए का चंदा नहीं मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, आप को मिले चंदे में 70.18 फीसदी की कमी आई है।

### कुल चंदा 200 फीसदी बढ़ा, 12,547 दानदाताओं ने दिए 2544 करोड़

ADR रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023-24 में सभी राष्ट्रीय दलों को कुल 2544.278 करोड़ रुपए का चंदा मिला, जो 2022-23 की तुलना में करीब 200 फीसदी अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा 850.438 करोड़ रुपए था। इस बार 12,547 दानदाताओं ने चंदा दिया।

### चेक और डीडी से आया सबसे ज्यादा चंदा

रिपोर्ट के अनुसार, 7788 दानदाताओं ने चेक और डिमांड ड्राफ्ट (DD) के जरिए 1909.248 करोड़ रुपए चंदा दिया, जो कुल चंदे का 75.04 फीसदी है। वहीं, 4338 दानदाताओं ने सीधे राजनीतिक दलों के बैंक खातों में फंड ट्रांसफर किए। लगभग 1.28 फीसदी दान का स्रोत स्पष्ट नहीं है।

**सलाह** | प्रधानमंत्री ने भोजन में तेल का इस्तेमाल 10 फीसदी कम करने का मांगा वादा

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने दिया "आरोग्यम परमं भाग्यम" का संदेश

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर मोटापे पर चिंता जताते हुए आमजनों से फिट रहने के लिए भोजन में खाद्य तेल का इस्तेमाल कम करने की अपील की है। सोमवार को एक्स पर एक वीडियो पोस्ट में उन्होंने कहा कि 'मैं आज आप सभी से एक वादा लेना चाहता हूं कि हम सभी खाना पकाने में तेल का इस्तेमाल 10 फीसदी तक कम करेंगे। ये मोटापे को कम करने की दिशा में एक बड़ा

### 'फिटनेस में छिपी देश की तरक्की'

प्रधानमंत्री ने कहा कि खुद की फिटनेस को प्राथमिकता देने से लोग देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। ये सिर्फ हमारा व्यक्तिगत फैसला नहीं है बल्कि हमारी

### 'स्वस्थ्य जीवनशैली है जरूरी'

प्रधानमंत्री ने एक्स पर वीडियो पोस्ट में कहा कि लोगों को स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने पर जोर देना चाहिए। स्वस्थ्य जीवनशैली से ही स्वस्थ्य दुनिया का निर्माण संभव है। सरकार भी इस दिशा में निरंतर काम कर रही है।

### 'सेहत समृद्ध समाज की नींव'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार स्वस्थ समाज के निर्माण में निरंतर ध्यान दे रही है। लोगों की भलाई के लिए सरकार अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश को भी जारी रखेगी। अच्छा स्वास्थ्य किसी भी समृद्ध समाज की नींव है। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में पुरानी कहावत, 'स्वास्थ्य ही परम सौभाग्य और परम धन है को याद दिलाते हुए देश में बढ़ते मोटापे पर चिंता जताते हुए कहा कि हमारी जीवनशैली जान पर भारी पड़ती जा रही है।

### 'मोटापा बड़ा संकट'

प्रधानमंत्री ने एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2050 तक 44 करोड़ से ज्यादा भारतीय मोटापे से ग्रसित होंगे। यह चिंता की बात है कि मोटापा भविष्य में भारत के लिए कितना बड़ा संकट बन सकता है। प्रधानमंत्री मोटापे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए देश की दस प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित कर चुके हैं। इसमें जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उद्योगपति आनंद महिंद्रा, ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और मीराबाई चानू, गायिका श्रेया घोषाल, परोपकारी और राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति, और इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी शामिल थे।

डीबीडी इन्फो

### खाद्य तेल की खपत

1. देश में साल हर 24 से 25 मिलियन टन तेल की खपत
2. कुल खपत होने वाले तेल में 9 मिलियन टन पाम ऑयल
3. कुल तेल की खपत में 38 फीसदी पॉम ऑयल का प्रयोग
4. फास्ट फूड में तेल का प्रयोग सामान्य से 20 फीसदी अधिक

### खाद्य तेल से नुकसान

1. तेल में मौजूद फैटी एसिड से शरीर में सूजन की समस्या
2. सूजन अधिक होने से रोग प्रतिरोधक तंत्र कमजोर
3. तेल में मौजूद हानिकारक तत्वों से अंगों पर असर
4. मोटापा, हृदय रोग, मधुमेह का सबसे बड़ा कारण

**नया वक्फ कानून**

## सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं की अर्जेंट सुनवाई पर करेगा विचार

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह नए वक्फ कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने (लिस्टिंग) पर जल्द फैसला लेगा। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने अर्जेंट हियरिंग की मांग की। कपिल सिब्बल ने कहा कि वे अर्जेंट सुनवाई चाहते हैं। इस पर CJI खन्ना ने कहा, आप वकीलों से कहें कि हमें मेल या पत्र भेजें। सिब्बल ने जवाब दिया कि यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।



### अब तक दाखिल हो चुकी हैं 11 याचिकाएं

नए वक्फ कानून के खिलाफ अब तक 11 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हो चुकी हैं। इन याचिकाओं में कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने बताया कि उनकी राज्य इकाइयां हाईकोर्ट में भी इस कानून के खिलाफ याचिकाएं दाखिल करेंगी।

### क्या है मामला

नए वक्फ कानून को लेकर देशभर में कई मुस्लिम संगठनों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यह कानून वक्फ संपत्तियों पर धार्मिक और सामाजिक अधिकारों को प्रभावित करता है।